Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Wednesday, 08 January 2025 ● Year : 02 ● Issue : 346 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

ASCOT
INTERNATIONAL SCHOOL
Today a reader, Tomorrow a leader

AFFILIATED TO C.B.S.E, NEW DELHI
SENIOR SECONDARY SCHOOL, C.B.S.E [10+2]

Affiliation No.: 3430607 School No.:66686

PRESENTS

PAINTING COMPETITION

REGISTRATION FEE ₹50/

On

9th February 2025 (SUNDAY)

Last Date of Registration
1st February 2025 (Saturday)

REGISTER TODAY

CATEGORY-1
Grade I to IV
1st Prize ₹5000/- | 2nd Prize ₹3000/- | 3rd Prize ₹2000/-

CATEGORY-2
Grade V to VII
1st Prize ₹11000/- | 2nd Prize ₹7000/- | 3rd Prize ₹5000/-

CERTIFICATES & EXCITING PRIZES TO THE PARTICIPANTS

FOR REGISTRATION

किसी भी विद्यालय के छात्र एवं छात्रा जो वर्ग 1 से 7 के हो।

9534662000

Bharat Mata Chowk, Harmu Road, Ranchi
e-mail : ascotschool.ranchi@gmail.com
Website: www.ascotschool.org, ascotschool.ranchi

BRIEF NEWS

झाड़ियों में मिली युवक की डेड बॉडी, हत्या की आशंका

RANCHI : मंगलवार को अनगड़ा थाना क्षेत्र के चंदवाटुंगरी अंबाझरिया में पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान मुलायम अहीर के रूप में की गई है। वह बेलजारा गांव का रहने वाला था। युवक के शव पर धारधार हथियार से वार के निशान पाए गए हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार, मुलायम कोलकाता में किसी कंपनी में काम करता था। वह कुछ दिन पहले ही गांव आया था। कुछ लोगों ने युवक को मारकर उसके शव को झाड़ियों में फेंक दिया। अनगड़ा थानेदार ने बताया कि एक युवक का शव मिला है।

ओटीसी ग्राउंड में नमो पतंग उत्सव 13 को

RANCHI : श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में आगामी 13 जनवरी को ओटीसी ग्राउंड रातू रोड के मैदान में नमो पतंग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पतंग उत्सव की शुरूआत झारखंड में 2006 में की थी। जो निरंतर उनके प्रयास से प्रत्येक वर्ष होता आ रहा है। आयोजन के संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हैं। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का निर्वाह करते हुए मकर संक्रांति व लोहड़ी के पावन मंगल शुभ अवसर पर नमो पतंग उत्सव का भव्य आयोजन 13 जनवरी को रातू रोड के ओटीसी ग्राउंड में दिन के 11.30 बजे से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भक्ति में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम शुरू किया जायेगा।

कांग्रेस भवन में पूर्व सांसद शिव प्रसाद की मनी जयंती

RANCHI : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान पर मंगलवार को पूर्व सांसद स्व. शिव प्रसाद साहू की जयंती कांग्रेस भवन रांची मनाई गई। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी समेत कांग्रेसजनों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू एक प्रतिभावान एवं परिश्रमी व्यक्ति थे।

रामकृष्ण मंदिर में भक्तों का दिखा हुजूम

RANCHI : कठहल मोड़ स्थित पुंदाग में राधा कृष्ण मंदिर में तीसरे दिन भी भक्तों का जैनसलाब उमड़ा। मंदिर में संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज ने मंगलवार को भागवत कथा सुनाया। उन्होंने भगवान कृष्ण और सखा सुदामा लीला की मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। प्रेम भाव से श्रीमद्भागवत का पूजन किया। स्वामी श्री सदानंद जी महाराज ने भक्तों को भागवत कथा सुनाया। कहा कि दुख- सुख को समझने वाले जिस धैर्यवान पुरुष को एक इंद्रियों के विषयों के संजोग व्याकुल नहीं करते वह मोक्ष के योग्य नहीं हैं। भगवान श्री कृष्ण के प्रति गोपियों के हृदय में प्रेम का भी वर्णन किया।

राज्य में चल रहे सड़क प्रोजेक्ट्स की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

सड़क निर्माण कार्यों में रुकावटों को तत्काल दूर करें अधिकारी

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को राज्य की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि वे सड़क निर्माण कार्यों में आ रही रुकावटों को प्राथमिकता से दूर करें। उन्होंने कहा कि छोटे कारणों से प्रोजेक्ट्स की गति धीमी होती है, जिससे न केवल लागत में वृद्धि होती है, बल्कि राज्य के संसाधनों का भी नुकसान होता है। अगर उपायुक्त जिला स्तर पर ही इन समस्याओं को हल करें, तो अधिकांश मुद्दों का समाधान जल्दी हो सकता है। मुख्य सचिव राज्य में चल रहे नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, रेलवे ओवरब्रिज और राज्य सड़क निर्माण विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं। यह योजनाएं भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विधि व्यवस्था जैसे कारणों से बाधित हो रही हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि इन बाधाओं को जल्द हल किया जाए जिससे कि प्रोजेक्ट्स में देरी से राज्य को केंद्र से नई योजनाओं की स्वीकृति में समस्या न हो। राज्य में एनएचएआइ की कुल 38,483 करोड़ रुपये की योजनाएं चल रही हैं। इनमें कई रेल ओवरब्रिज और सड़क चौड़ीकरण की परियोजनाएं शामिल हैं। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इन प्रोजेक्ट्स में देरी के कारण राज्य को नए सड़क निर्माण के लिए केंद्र से स्वीकृति मिलने में कठिनाई हो रही है। भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के मुद्दे प्रमुख कारण हैं। जिनकी वजह से कई योजनाओं की प्रगति प्रभावित हो रही है। मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों से कहा कि वे संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित समयसीमा का पूरी तरह पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाधान के लिए तय समय में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। रुकावटों को दूर करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। समीक्षा बैठक में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर, एनएचएआइ, वन विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभी संबंधित जिलों के उपायुक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े थे।

राज्य के डीसी को समय पर काम पूरा करने का दिया गया निर्देश

अधिकारियों के साथ बैठक करतीं मुख्य सचिव अलका तिवारी। ● फोटोन न्यूज

● विलंब से लागत में हो रही वृद्धि, संसाधनों का भी हो रहा नुकसान

अन्य विभागों से बढ़ाएं समन्वय

मुख्य सचिव ने कहा कि उपायुक्तों को सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर इन योजनाओं को समय से पूरा करना सुनिश्चित करना होगा। विधि व्यवस्था, फॉरेस्ट क्लियरेंस और मुआवजा भुगतान के कारण कोई भी काम नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की सतत निगरानी करें। काम में बेवजह बाधाएं उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

निगम की टीम ने अवैध होर्डिंग्स को किया ध्वस्त

अवैध विज्ञापन पट्टों व होर्डिंग्स की जांच करती टीम। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को रांची नगर निगम ने अवैध होर्डिंग्स और विज्ञापन पट्टों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान बिना बिना एनओसी के लगाए विज्ञापन पट्टों और होर्डिंग्स को हटाया जा रहा है। बाजार शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कचहरी चौक, जेल चौक से हरिओम टावर तक जांच अभियान चलाया। इस दौरान जेल चौक पर दो अवैध होर्डिंग संरचनाएं पाई गई, जिन्हें निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही 25 विज्ञापन पट्टों और होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें दो दिनों के भीतर लाइसेंस रिन्युअल कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर सहायक प्रशासक, नगर प्रबंधक, बाजार शाखा और इनफोर्समेंट शाखा की टीम मौजूद थी। न्यूक्लियस मॉल और हरिओम टावर में सेल्फ एडवर्टाइजिंग के तहत लगाए गए बिना एनओसी के विज्ञापन पट्टों को भी दो दिनों के भीतर एनओसी प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा गया कि भविष्य में अगर किसी भी विज्ञापन पट्ट या होर्डिंग्स को अवैध पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा। निगम क्षेत्र के तहत सभी अवैध विज्ञापन पट्टों और होर्डिंग्स को हटवाने की कार्रवाई की जाएगी।

● जांच के दौरान 25 का लाइसेंस पाया गया फेल
● अवैध विज्ञापन पट्टों व होर्डिंग्स हटवाने की जारी रहेगी कार्रवाई

बढ़ा शीतलहर का सितम कोहरे को ले येलो अलर्ट

● दो दिनों में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा पारा
● अगले 6 दिनों तक सुबह में धुंध से होती रहेगी परेशानी

PHOTON NEWS RANCHI : उत्तर-पश्चिमी दिशा से आ रही ठंडी हवाओं के प्रभाव से झारखंड में सर्दी का सितम बढ़ गया है। शीतलहर को देखते हुए सरकार ने स्कूलों को 13 जनवरी तक बंद कर दिया है। अब ठंडी हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मंगलवार को सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया। अगले 6 दिनों तक सुबह में कोहरा छाया रहेगा। अगले 2 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले 3 दिनों में इसमे 2-3 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना जताई गई है। 12 जनवरी को सुबह में कोहरा होगा। इसके बाद आंशिक बादल छा सकते हैं। कुछ ऐसी ही स्थिति 13 जनवरी को भी रहेगी। कोहरे को लेकर मौसम विभाग ने कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम केंद्र ने 8 जनवरी की सुबह में राज्य के उत्तरी और दक्षिणी-पूर्वी जिलों में घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, जामताड़ा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में घना कोहरा देखा जाएगा।

बाबूलाल मरांडी सहित 40 आरोपियों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित 40 आरोपितों के खिलाफ लालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी है। रांची में 23 अगस्त, 2024 को भारतीय जनता युवा मोर्चा की मोरहाबादी मैदान में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद बीडी राम, संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत 40 आरोपितों की ओर से लालपुर थाना में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने प्रार्थियों को सरकार के प्रतिशपथ पत्र का प्रतिउत्तर दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया।

आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है खादी : राज्यपाल

PHOTON NEWS RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को कहा कि खादी महोत्सव न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने खादी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों का प्रतीक बताते हुए कहा कि खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रही है और आज भी हमारे कारीगरों को रोजगार देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता को सशक्त बना रही है। राज्यपाल मंगलवार को झारखंड राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खादी को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से खादी को जन आंदोलन बनाने की उनकी पहल से ग्रामीण कारीगरों और श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। राज्यपाल ने कहा कि प्रसन्नता है कि इस महोत्सव के माध्यम से महिला उद्यमियों के जरिये तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर हो सकती हैं, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं। उन्होंने इस महोत्सव में भाग लेने वाले बुनकरों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बधाई दी। साथ ही कहा कि इन कारीगरों के श्रम और कौशल ने झारखंड के ग्रामीण उद्यमों की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया है। राज्यपाल ने आम जनमानस से खादी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को अपनाकर हम न केवल हमारे ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बना सकते हैं, बल्कि उनकी आर्थिक समृद्धि की दिशा में भी योगदान कर सकते हैं। साथ ही राज्यपाल ने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार और सभी स्टॉलधारकों एवं कारीगरों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को मोमेंटम देते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

बच्चे को चढ़ाने के लिए नहीं मिल रहा खून स्वास्थ्य मंत्री इरफान से मां ने की फरियाद

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को कांग्रेस भवन में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें टाटीसिल्वे से आईं नमिता ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि उनके साढ़े छह साल के बेटे को हर महीने खून चढ़ाना पड़ता है। पहले खून आसानी से मिल जा रहा था। लेकिन, अब सदर में खून के बदले खून मांगा जा रहा है। कई बार तो खून मिलने में भी परेशानी हो रही है। ऐसे में बच्चे को समय से खून नहीं चढ़ पा रहा है। इसलिए ऐसी व्यवस्था करें कि बच्चे को चढ़ाने के लिए खून आसानी से उपलब्ध हो सके। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा, ताकि खून मिलने में कोई परेशानी नहीं होगी। जनता दरबार के दौरान 40 लोगों ने अपनी समस्याएं उनके सामने रखी। इनमें स्वास्थ्य, भूमि विवाद, स्थानांतरण, नौकरी और अन्य विभिन्न मुद्दे शामिल थे। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को मामले के समाधान का आदेश दिया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि इन समस्याओं का समाधान जल्द ही किया जाएगा।

जनता दरबार में फरियाद सुनते स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी। ● फोटोन न्यूज

जनता दरबार के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य लोगों की जीवनशैली को सरल बनाना है। इसके लिए जनता दरबार की पहल की गई है, ताकि जनता के मुद्दों का तत्काल समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि यदि महागठबंधन सरकार का यह प्रयास सही दिशा में काम करता है, तो झारखंड तेजी से प्रगति करेगा। वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करना चाहती है। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग कई कदम उठा रहा है।

रातू लूटकांड के दो आरोपियों के पोस्टर जारी 20 हजार इनाम घोषित

RANCHI : शहर के रातू थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से दिनदहाड़े 14 लाख रुपये लूट के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपितों के पोस्टर जारी किए हैं। सूचना देने वाले को 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पोस्टर में बताया गया है कि रांची के रातू थाना क्षेत्र में 26 दिसंबर, 2024 को स्टेट बैंक काठीटांड पास एक व्यवसायी से पैसे की छिनैती की गई थी, जिसमें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हुई है। इन दोनों अपराधियों के बारे में कोई भी जानकारी यदि किसी के पास हो तो वह नि:संकोच पुलिस को इसकी सूचना जरूर दे। सूचना देने वाले का नाम एवं पहचान पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। पुलिस ने सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर 9431706136, 9431706138, 9431706142 और 9431706175 जारी किया है। उल्लेखनीय है कि 26 दिसंबर की दोपहर रातू स्थित पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी 14 लाख रुपये लेकर बैंक में जमा करवाने के लिए निकले थे। बैंक से कुछ दूर पहले ही बाइक सवार दो अपराधियों ने कर्मचारी को रोका और पैसे भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद भी हो गई थी। अपराधियों की तस्वीर भी स्पष्ट रूप से पहचान की जा रही थी लेकिन इसके बावजूद रातू पुलिस कांड का खुलासा नहीं कर पाई है। इसके बाद वरीय अधिकारियों ने घटना में शामिल अपराधियो के पोस्टर जारी किए हैं।

झारखंड के 17 डीएसपी बनेंगे आईपीएस अफसर

● यूपीएससी को फाइल भेजने की हो रही तैयारी
● फाइल में खामियां पाए जाने पर गृह सचिव व डीजीपी के साथ बैठक करेगा यूपीएससी



PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में पुलिसकर्मियों को प्रमोशन देने का सिलसिला जारी है। पिछले साल 31 दिसंबर की रात झारखंड कैडर के 9 आईपीएस को डीआईजी के पद पर प्रोन्नति दी गई थी। 2 जनवरी को 3 आईपीएस अफसरों को केंद्र में आईजी पद के लिए पैनल किया गया था। अब राज्य सरकार झारखंड पुलिस सेवा के पुलिसकर्मियों को सौगात देने की तैयारी में है। झारखंड के 17 डीएसपी को आईपीएस में प्रोमोट करने की तैयारी चल रही है। इससे संबंधित फाइल भी रेडी हो गई है। सभी डीएसपी के नाम यूपीएससी को भेजे जा सकते हैं। बता दें कि झारखंड कैडर में राज्य पुलिस के सेवा के अफसरों को आईपीएस में प्रमोशन देने के लिए मात्र 9 पद रिक्त हैं। झारखंड पुलिस सेवा के जिन 17 डीएसपी को आईपीएस बनाने की तैयारी है, सभी के फाइल यूपीएससी को भेजनी होगी। इसके बाद यूपीएससी सभी दस्तावेजों की समीक्षा करेगी। इसमें जो कुछ भी त्रुटियां या कमियां पाई जाएंगी, उसे दूर किया जाएगा। इसके लिए यूपीएससी की प्रोन्नति बोर्ड गृह सचिव और डीजीपी के साथ बैठक करेगी। इस बैठक में सारी खामियां को दूर कर लिया जाएगा। इसके बाद अफसरों को प्रोमोट किया जाएगा। बता दें कि 31 दिसंबर 2024 को सरकार ने झारखंड कैडर के 9 आईपीएस अधिकारियों को न्यू ईयर का तोहफा दिया था। 9 आईपीएस अफसरों को अलग-अलग रैंक में सरकार ने प्रोमोट किया था।

इनके नाम तय

अनूप कुमार बड़ाइक
समीर कुमार तिर्की
शिवेंद्र
राधा प्रेम किशोर
अविनाश कुमार
सुरजीत कुमार
रौशन गुड़िया
मजरूल होदा
मुकेश कुमार महतो
दीपक कुमार-1
खीस्टोफर केरकेट्टा
राजेश कुमार
प्रभात रंजन बरवार
वीरेंद्र कुमार चौधरी
राहुल देव बड़ाईक
श्रीराम समद
निशा मुर्मू

इन्हें केंद्र में आईजी रैंक में किया गया पैनल

झारखंड कैडर के जिन आईपीएस को केंद्र में आईजी रैंक में पैनल किया गया है, उनमें ए विजय लक्ष्मी, आईजी ट्रेनिंग, अनूप टी मैथ्यू और बोकारो के जोनल आईजी माइकल राज एस शामिल हैं। अभी अनूप टी मैथ्यू केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

सुविधा : बार कोड के माध्यम से किया जाएगा सैंपल कलेक्शन

एलआईएमएस से मिलेगी मरीजों को टेस्ट रिपोर्ट

VIVEK SHARMA@RANCHI

सदर हॉस्पिटल में अब मरीजों के लिए सुपरस्पेशियलिटी सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। इससे उनकी सुविधा और इलाज की प्रक्रिया को और बेहतर बनाया जा सके। अब हॉस्पिटल में लेबोरेटरी इंफार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एलआईएमएस) शुरू किया जा रहा है। इससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों को रिपोर्ट के लिए दौड़-भाग नहीं करनी पड़ेगी। इस नई व्यवस्था से मरीजों को एक क्लिक पर अपनी रिपोर्ट मोबाइल पर प्राप्त होगी, जिसे वे कहीं से भी प्रिंट करा सकेंगे। साथ ही डॉक्टरों को भी इलाज से पहले रिपोर्ट के लिए इंतजार नहीं करना होगा क्योंकि सभी रिपोर्ट्स ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। नया सिस्टम मरीजों के सैंपल कलेक्शन को भी आसान बनाएगा। अब सैंपल कलेक्शन एक सेंट्रल कलेक्शन सेंटर पर होगा और प्रत्येक सैंपल के साथ बार कोड जुड़ा होगा। इससे संबंधित विभागों में मरीजों के सैंपल बिना किसी समस्या के भेजे जा सकेंगे। टेस्ट के बाद मरीजों की रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड कर दी जाएगी और उन्हें उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक संदेश भेजा जाएगा। इस संदेश में ओटीपी होगा जिसकी मदद से वे अपनी रिपोर्ट डाउनलोड कर सकेंगे। इससे मरीजों को हॉस्पिटल के विभिन्न विभागों में रिपोर्ट लेने के लिए बार-बार दौड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे सीधे अपनी रिपोर्ट संबंधित डॉक्टरों को दिखा सकेंगे।

इलाज के लिए आने वाले मरीजों को रिपोर्ट के लिए नहीं लगानी होगी दौड़

डॉक्टरों को भी इलाज से पहले रिपोर्ट के लिए नहीं करना होगा इंतजार



एक क्लिक पर मोबाइल पर उपलब्ध होगी टेस्ट की रिपोर्ट

520 से अधिक बेडों का इंतजाम

सदर हॉस्पिटल में 520 बेड की व्यवस्था है। जिसे धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है। इसमें बच्चों के लिए आईसीयू, एचडीयू के अलावा ओंकोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी, मैटरनिटी वार्ड भी चल रहे है। जहां पर काफी संख्या में मरीज एडमिट है। इस व्यवस्था से इनडोर के मरीजों को भी राहत मिलेगी। उनका सैंपल कलेक्शन के बाद मरीजों को रिपोर्ट आनलाइन मिल सकेगी। इससे परिजनों को भी बड़ी राहत मिल जाएगी। इस सुविधा का एक और फायदा मरीजों को मिलेगा कि उन्हें अपनी रिपोर्ट की फाइल लेकर चलने की झंझट खत्म हो जाएगी।

ओपीडी में हर दिन आ रहे 1500 मरीज

सदर हॉस्पिटल में लगातार नई सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। नई सुविधाओं के आने के बाद मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। अभी हॉस्पिटल के ओपीडी में हर दिन लगभग 1,500 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। वहीं इनडोर में भी 300 के करीब मरीजों का हर समय इलाज चल रहा है। यह बताने के लिए काफी है कि अब लोग प्राइवेट हॉस्पिटल्स की बजाय सदर हॉस्पिटल का रुख कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह भी है कि अब प्राइवेट हॉस्पिटल्स के स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी मरीजों को सदर हॉस्पिटल में कंसल्टेशन देने के लिए आ रहे हैं। इससे मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है, साथ ही उनकी जेब पर भी असर नहीं पड़ता।

सुविचार

विद्वानों के लिए कोई देश विदेश नहीं होता। प्रिय वचन बोलने वालों के लिए कोई व्यक्ति पराया नहीं होता।

–चाणक्य

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 08 January 2025 ● Year : 02 ● Issue : 346 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Sara Ali Khan Begins Saal...

SHARE

सेंसेक्स	:	78,199.11
निफ्टी	:	23,707.90

SARAFA

सोना	:	7,395
चांदी	:	100.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

सदर सीओ सस्पेंड, बड़गाईं अंचल अधिकारी को प्रभार

RANCHI : रिश्वत लेने के आरोप में सदर सर्किल ऑफिसर यानी अंचल अधिकारी (सीओ) मुंशी राम को सस्पेंड कर दिया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 2 जनवरी को मुंशी राम को 37 हजार घूस लेते अरेस्ट किया था। उनके घर से छापेमारी के दौरान भी एसीबी की टीम ने 11.42 लाख रुपये नकद बरामद किया था। दूसरी ओर बड़गाईं सीओ शिवशंकर पांडेय को सदर सीओ का प्रभार दिया गया है। सदर अंचल में कोई काम न रुके, इसके लिए रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने शिवशंकर पांडेय को सदर सीओ का प्रभार दिया है। साथ ही सीओ ऑफिस आने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी न हो, इसे ध्यान में रखने का निर्देश दिया है। डीसी ने कहा है कि दाखिल खारिज, सर्टिफिकेट व अन्य ऑनलाइन कार्य में लोगों को किसी दिक्कत का सामना न करना पड़ेगा।

भारत में कोरोना वायरस जैसे एचएमवीपी के 8 केस

NEW DELHI : अब कोरोना जैसे वायरस एचएमवीपी के देश में 8 केस हो चुके हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में 2 केस सामने आए। यहां एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल के लड़के संक्रमण मिला है। दोनों ही बच्चों को लगातार सर्दी-बुखार था। इसके बाद प्राइवेट लैब की जांच में दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नही करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है। इससे एक दिन पहले कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक केस मिलाकर वायरस के कुल 6 मामले सामने आए थे। इनमें अधिकतर बच्चे हैं। केंद्र ने राज्यों को 'इंफ्लूएंजा लाइक इलनेस' और 'सीवर एक्यूट रेस्पिरेट्री इश्यूज' जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमवीपी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है। देश के 4 राज्यों में संक्रमण के मामले मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि यह नया वायरस नहीं है और सरकार हालात पर नजर रखे हुए है।

देश के 16 राज्यों में छाया रहा घना कोहरा

NEW DELHI : जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग के अलावा कई जिलों में बर्फबारी हुई। इससे मुगल रोड, श्रीनगर-लेह रोड, सेमथान-किश्तवाड़ रोड और गुरेज हाईवे बंद कर दिया गया। मौसम विभाग के मुताबिक यहां 2 से 3 दिन तक बर्फबारी की संभावना रहेगी। उधर, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के साथ-साथ बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के बाकी राज्यों में तेज सर्दी का असर देखने को मिल रहा है। देश के 16 राज्यों में सुबह घना कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग के कहा कि पंजाब, जम्मू, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में विजिबिलिटी घटकर जीरो हो गई। इससे कई फ्लाइट्स लेट हुईं। अकेले यूपी में ही 25 फ्लाइट और कई ट्रेनें लेट हुईं।

तिब्बत में भूकंप के झटकों ने झकझोरा, 126 लोगों की मौत

रिक्टर स्केल पर 7.1 रही भूकंप की तीव्रता, चीन, भारत, नेपाल और बांग्लादेश भी हुए प्रभावित

सिक्किम, दिल्ली एनसीआर, यूपी, बिहार, प. बंगाल व झारखंड में भी महसूस किए गए झटके

NEW DELHI @ PTI

मंगलवार को तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक के निकट 6.8 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें कम से कम 125 लोगों की मौत हो गई और 188 अन्य घायल हो गए। चीन, नेपाल, भारत और बांग्लादेश में भी इसका असर दिखा। नेपाल में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिसके कारण इमारतें हिलने लगीं और लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार को सुबह नौ बजकर पांच मिनट (चीन के समयानुसार) पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर की डिंगरी काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई है। भूकंप का केंद्र डिंगरी काउंटी के त्सोगो कस्बे में स्थित था, जहां 20 किलोमीटर की परिधि में लगभग 6,900 लोगों की आबादी रहती है। इस क्षेत्र में 27 गांव हैं।



- अपने घरों और इमारतों से बाहर निकल आए लोग
- तुरंत शुरू किया गया राहत और बचाव कार्य
- भूकंप का केंद्र उत्तर-पूर्व नेपाल के खुंबू हिमालय पर्वतमाला में रहा

10 किलोमीटर रही नेपाल में भूकंप की गहराई

नेपाल में भूकंप के केंद्र की गहराई लगभग 10 किलोमीटर बताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस क्षेत्र में भूकंपीय गतिविधियां अक्सर होती रहती हैं, लेकिन इस बार की तीव्रता अधिक थी। भारतीय और नेपाली अधिकारियों ने इलाके की निगरानी तेज कर दी है और आपातकालीन सेवाओं को सतर्क कर दिया गया है। तिब्बती पठार को शक्तिशाली भूकंप संभावित क्षेत्र माना जाता है, क्योंकि यह उस स्थान पर स्थित है जहां टेक्टोनिक यूरेशियन और भारतीय प्लेटें मिलती हैं और अक्सर अत्यधिक बल के साथ टकराती हैं। नेपाल में 2015 में आए 8.1 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में शिगास्ते को भी काफी नुकसान पहुंचा था।

लोगों में डर का माहौल

बिहार के मोतिहारी और पूर्वी चंपारण जिले में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए, जहां नेपाल से नजदीकी होने के कारण लोगों में डर का माहौल रहा। भूकंप का झटका बहुत तेज नहीं था, लेकिन लोगों ने सतर्कता बरतते हुए बाहर निकलने का निर्णय लिया। भूकंप के झटके भारत के दिल्ली-एनसीआर, सिक्किम, बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड समेत कई राज्यों में भी महसूस किए गए। भूकंप के दौरान लोग अपने घरों और इमारतों से बाहर निकल आए।

सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की मीटिंग

झारखंड में अब चयन समिति करेगी डीजीपी की बहाली

PHOTON NEWS RANCHI :

मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) झारखंड के चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 के गठन की स्वीकृति दी गई। इसके अनुसार अब राज्य में इन दोनों पदों पर चयन समिति के माध्यम से नियुक्ति होगी। इसके अलावा कैबिनेट ने अन्य आठ प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। कैबिनेट की मीटिंग में झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्त्तमान आवश्यकतानुसार पदों का चिह्नीतीकरण की स्वीकृति दी गई। अवर शिक्षा सेवा के लिए 465 पद सृजित हैं। इसके अलावा षष्ठम झारखंड विधान सभा का द्वितीय बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च 2025 तक आहूत करने की स्वीकृति दी गई।

24 फरवरी से 27 मार्च के बीच होगा विधानसभा का बजट सत्र

08 अन्य प्रस्तावों को भी कैबिनेट ने दी मंजूरी

ये प्रस्ताव भी हुए पास

- झारखंड राज्य में गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देवघर जिले में नया एम्स स्थापित करने के लिए झारखंड सरकार और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के साथ किए जाने वाले एमओयू पर स्वीकृति दी गई।
- सदन प्रसाद, तत्कालीन प्रशाखा पदाधिकारी उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड संप्रति सेवानिवृत्त को आर्थिक लाभ सहित बैक डेट से अवर सचिव कोटि के पद पर प्रोन्नति प्रदान करने की मंजूरी दी गई।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की संशोधित धारा-14 के प्रावधानों के अन्तर्गत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1, नगर उंटारी, गढ़वा के न्यायालय को विशेष न्यायालय पदमिहित करने की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड परिचारिका गैर-शैक्षणिक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त्त) नियमावली 2025 के गठन पर स्वीकृति दी गई।
- प्री बजट कार्यशाला के

पुलिस महानिदेशक की नई नियुक्ति नियमावली को मिली हरी झंडी

आयोजन वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत डॉ. सीमा अखौरी असिस्टेंट प्रोफेसर संत जेवियर कॉलेज रांची और उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर नालेज पार्टनर के रूप में चयनित करने की स्वीकृति दी गई।

- झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों में प्रबंध निदेशक एवं निदेशक के पदों पर नियुक्ति हेतु किये गये प्रावधानों में आंशिक संशोधन करने के प्रस्ताव पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

दिल्ली में बजा चुनावी बिगुल, एक फेज में 5 फरवरी को होगी वोटिंग

AGENCY NEW DELHI :

मंगलवार को देश की राजधानी दिल्ली में चुनावी बिगुल बज गया। यहां की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा। मतों की गिनती तीन दिन बाद आठ फरवरी को की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को यहां चुनाव की तारीखों का एलान किया। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। बता दें कि दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं, जिसमें से 58 सामान्य श्रेणी की जबकि 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है और नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार 20 जनवरी तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। राजीव कुमार ने कहा, यह एक चरण का चुनाव है। हमने जानबूझकर बुधवार को मतदान रखा है, ताकि अधिक लोग मतदान करने के लिए बाहर आएं जैसा कि हमने महाराष्ट्र में किया।

- निर्वाचन आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर की चुनाव की घोषणा
- तीन दिन बाद 8 फरवरी को होगी मतों की गिनती
- 70 सीटों पर होगा मतदान, 58 सामान्य श्रेणी की, 12 एससी के लिए आरक्षित
- नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी
- 23 फरवरी को समाप्त हो रहा दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल
- यूपी में मिल्कीपुर और तमिलनाडु में इरोड सीट पर इसी दिन होगा उपचुनाव

1.55 करोड़ पंजीकृत मतदाता

कुमार ने कहा कि दिल्ली में कुल 1.55 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83.49 लाख पुरुष तथा 71.74 लाख महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि युवा मतदाताओं (20 से 21 वर्ष के) की संख्या 28.89 लाख है, जबकि पहली बार मतदान के पात्र युवाओं की संख्या 2.08 लाख है। कुमार ने बताया कि राजधानी के 2697 स्थानों पर कुल 13,033 मतदान केंद्र होंगे और इनमें से 210 मॉडल मतदान केंद्र होंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में विभिन्न कानून अनुपालन एजेंसियों के साथ व्यापक चर्चा की गई है, जिसमें सुरक्षा से जुड़े आयाम भी शामिल हैं। गौरतलब राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। दिल्ली विधानसभा में बहुमत के लिए 36 विधायकों की आवश्यकता है। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच मुकाबला होगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'आप' और भाजपा पर मंत्री दीपिका ने साधा निशाना, कहा

कांग्रेस जुमलों की नहीं, वादे निभाने वाली पार्टी

PHOTON NEWS RANCHI :

मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि कांग्रेस जुमलों की नहीं, महिलाओं को सही मायने में सशक्त करने वाली पार्टी है। जहां भी कांग्रेस या उसके गठबंधन वाली सरकार है, वह महिलाओं को केंद्र में रखकर उनके सशक्तीकरण के लिए काम कर रही है। इस मामले में उन्होंने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और झारखंड का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर देश को 'लाडली' शब्द से योजना देने वाली पहली मुख्यमंत्री शीला दीक्षित थीं।

शीला दीक्षित के कार्यकाल की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया

आस्था के साथ खिलवाड़ ठीक नहीं

मंत्री ने कहा कि दिल्ली में बिहार, झारखंड यानी पूर्वांचल के लोग जब छठ पर्व पर यमुना तट पर जाते हैं तो पता चलता है कि हमारी आस्थाओं के साथ केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी किस तरह खिलवाड़ कर रही हैं। मैली यमुना इसकी ताजा मिसाल है। यमुना दिल्ली में पहुंचते ही हजारों गुना अधिक प्रदूषित हो जाती है।

कचरे के अंबार पर दिल्ली

दीपिका ने कहा कि दिल्ली आज कचरे के अंबार और वायु प्रदूषण की गिरफ्त में है। आम आदमी पार्टी में ने 10 साल में यहां विकास के नाम पर जनता को सिर्फ ठगा है। महिलाओं को आर्थिक संबल देने के मामले में आम आदमी पार्टी ने पंजाब और दिल्ली में अब तक क्या किया है, वह सबको मालूम है। महिलाएं उनके वादों पर भरोसा कर अब अपने को ठगी महसूस कर रही हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा जिस भी राज्य में चुनाव आते हैं, वहां भाजपा की ओर से बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं का मुद्दा जोरशोर से उठाया जाता है। चुनाव खत्म होने के बाद उनके लिए ये कोई मुद्दा नहीं रह जाता है।

सीआईसी-आईसी नियुक्ति के मामले में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का 'सुप्रीम' निर्देश

RANCHI : मंगलवार को झारखंड में राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) और सूचना आयुक्त (आईसी) के रिक्त पदों को जल्द भरने के आग्रह से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में झारखंड के मुख्य सचिव (सीएस) को अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार के पूरक हलफनामे का अवलोकन किया। कहा कि जून 2024 को एक विज्ञापन दिया गया था। चयन प्रक्रिया इस कारण शुरू नहीं हुई है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद विधानसभा में विपक्ष के नेता की घोषणा नहीं की गई। चूंकि विपक्ष का नेता चयन समिति का सदस्य है, इसलिए बैठक नहीं बुलाई जा सकी है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि झारखंड विधानसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी अपने किसी निर्वाचित सदस्य को मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए विपक्ष का नेता नामित करे, यह आवश्यक कार्य 2 सप्ताह में किया जाना चाहिए।

- रिक्त पदों को जल्द भरने के आग्रह से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

झारखंड हाईकोर्ट में हुई मामले की सुनवाई

होमगार्ड के जवानों से जुड़ी अवमानना याचिका ड्रॉप

PHOTON NEWS RANCHI :

मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के मामले में दायर अवमानना रिट पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट में डीजीपी अनुराग गुप्ता और डीजी होमगार्ड अनिल पालटा मौजूद रहे। कोर्ट ने अवमानना याचिका को ड्रॉप करते हुए कहा कि चूंकि इस मामले में राज्य सरकार अपील (एलपीए) में गई है, इसलिए होमगार्ड के जवानों का एरियर सरकार की अपील के निर्णय पर निर्भर करेगा। कोर्ट ने कहा कि होमगार्ड को वर्तमान में मिल रहे बढ़ी हुई सैलरी जारी रहगी। इससे पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हाई कोर्ट के 25 अगस्त 2017 के प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े वेतन का लाभ देने के हाईकोर्ट के

- डीजीपी और डीजी होमगार्ड कोर्ट में रहे मौजूद
- वर्तमान में जवानों को मिलती रहेगी बढ़ा हुआ वेतन

प्राकृतिक प्रकोप — जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ता जा रहा प्रतिकूलता का आलम

पिछले साल बाढ़ और सूखे की तबाही से दहल गई दुनिया

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :

मौसम और भूगोल विशेषज्ञ यह बताते हैं कि प्रकृति का प्रकोप यूं ही नहीं आता है। इसके पीछे मानव गतिविधियों का असर होता है। मौसम का चक्र यदि प्रतिकूल होता है, तो जलवायु में परिवर्तन अवश्यंभावी है और यह प्रतिकूलता कहीं लगातार बाढ़ में तो कहीं अति सूखे में दृष्टिगोचर होती है। अत्यंत बाढ़ की स्थिति हो या अत्यंत सूखे की, मानव जीवन के लिए यह बड़ी त्रासदी साबित होती है। हाल के अध्ययन में इस सच्चाई का खुलासा विस्तार से हुआ है। नए अध्ययन में यह बताया गया है कि पिछले वर्ष चरम मौसम ने दुनिया में गंभीर समस्याएं पैदा की। इसमें बाढ़ और सूखे ने भारी तबाही मचाई। विस्तार से बताया गया है कि किस प्रकार जलवायु परिवर्तन जल प्रणालियों पर असर डाल रहा है। इससे कहीं भारी बारिश हो रही है तो कहीं सूखा पड़ रहा है। यही वजह रही कि भारत, पश्चिम अफ्रीका और यूरोप में कहीं-कहीं रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) और अन्य वैश्विक वैज्ञानिकों की टीम किया स्पेशल स्टडी में यह खुलासा हुआ है।

एएनयू और अन्य वैश्विक वैज्ञानिकों की टीम की स्पेशल स्टडी में हुआ खुलासा

क्लाइमेट चेंज की वजह से पानी में रहने वाले जीवों पर पड़ रहा अत्यधिक प्रभाव

- जीवाश्म ईंधन के अधिक प्रयोग से तीव्र और शक्तिशाली बन रहे चक्रवाती तूफान
- मौसम की चरम स्थिति ने दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में पैदा की गंभीर समस्याएं
- 111 देशों में लगभग 4 अरब लोगों ने किया सबसे गर्म वर्ष का अनुभव
- भारत, पश्चिम अफ्रीका और यूरोप में कहीं-कहीं हुई रिकॉर्ड तोड़ बारिश

केरल के वायनाड में 375 लोगों की हुई थी मौत 1200 करोड़ का पहुंचा नुकसान

550 अरब डॉलर का हुआ लॉस

बाढ़, सूखा, चक्रवात और भूस्खलन जैसी आपदाओं की वजह से 2024 में 8700 से अधिक लोगों की मौत हुई। 4 करोड़ लोग विस्थापित हुए और 550 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से 375 लोगों की मौत हुई, 10,000 लोग विस्थापित हुए और 12 अरब रुपये (140 मिलियन यूएसडी) का नुकसान हुआ।

व्यापक तैयारी की सख्त जरूरत

वैज्ञानिकों ने अपने शोध में पाया कि जीवाश्म ईंधन जलाने से हो रहा जलवायु परिवर्तन मानसून, चक्रवात और तूफानों को ज्यादा शक्तिशाली और बारिश को अधिक तीव्र बना रहा है। प्रमुख शोधकर्ता अल्बर्ट वैन डिज्क के अनुसार, 2024 का चरम मौसम कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि यह बाढ़, लंबे सूखे और रिकॉर्ड तोड़ मौसम की बढ़ती प्रवृत्ति का हिस्सा है। 111 देशों में लगभग 4 अरब लोगों ने अपने अब तक के सबसे गर्म वर्ष का अनुभव किया। वैज्ञानिकों ने इस तरह के चरम मौसम की घटनाओं के लिए तैयारी करने की जरूरत पर बल दिया है। इसमें मजबूत बाढ़ सुरक्षा, सूखा प्रतिरोधी कृषि, जल आपूर्ति सुनिश्चित करना और बेहतर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित करना शामिल है।

समाचार सार

नंदलाल स्कूल में बांग्ला की पढ़ाई शुरू करने की मांग

GHATSILA : झारखंड बंगभाषी उन्नयन समिति, घाटशिला की ओर से मंगलवार को संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बांग्ला विषय को वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाने की मांग की गई। समिति के अध्यक्ष साधुचरण पाल व संयुक्त सचिव तापस चटर्जी ने बताया कि घाटशिला और इसके आसपास के बांग्लाभाषी छात्रों के लिए छोटी कक्षा से ही वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाई शुरू की जाए। विद्यालय की प्राचार्य नीलकमल सिन्हा ने बताया कि क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई स्कूलों में होनी चाहिए, परंतु अभी तक अभिभावकों से इसकी मांग नहीं की गई थी। इस मौके पर साधना पाल, संजय राय, मृणालकांति विश्वास आदि उपस्थित थे।

मंदिर की समस्या से अवगत हुए विधायक प्रतिनिधि

GHATSILA : विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत व झामुमो नेताओं ने चालकडीह स्थित भटाईजोड़ नाला के किनारे निर्मित श्रीश्री रटनती काली माता मंदिर की समस्या से अवगत हुए। मंगलवार को पहुंचे विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत को समस्या से संबंधित जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष शिबू नमता ने कहा मंदिर तक आने के लिए पहुंच पथ एवं नाला पर पुलिया निर्माण अति आवश्यक है। जगदीश भकत ने कहा पुलिया निर्माण के उपरांत पर्यटक स्थल के रूप में क्षेत्र के विकास में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि वे इसकी जानकारी मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर देंगे। इस मौके पर सचिव समीर कालिंदी. मोहम्मद जलील. बाबूलाल मुर्मू. सतीश सीट, राजहंस मिश्रा, सब्यसाची चौधरी, शंकर कालिंदी. प्रकाश निषाद. सुरजीत सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

अग्रवाल सम्मेलन ने ग्रामीणों में बांटी खुशियां

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा मंगलवार को घाटशिला से करीब 20 किमी दूर गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, स्वेटर, ग्लव्स, मूढ़ी का लड्डू आदि वितरित किया। गांव के मुखिया सहित सभी ग्रामवासी काफी खुश हुए। इस कार्यक्रम में अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, महामंत्री राजेश रिंगसिया, घाटशिला से आनंद अग्रवाल व लीलू अग्रवाल, सुभाष शाह, उमेश शाह, विवेक चौधरी, विकास सिंघानिया, मोहित अग्रवाल, आशीष खन्ना, अक्षय अग्रवाल, सिद्धार्थ खंडेलवाल, अंकित अग्रवाल, अजीत शाह, तुषार जिंदल, गौरव जवानपुरिया, मोहित शाह, शिवम चेतानी, अमन नरेडी आदि सहित कई महिलाएं थीं।

एमबीएनएस में हुआ वार्षिक खेल महोत्सव

ASANBONI : एमबीएनएस इंस्टीटय्ट ऑफ एजुकेशन में 4-7 जनवरी तक वार्षिक खेल महोत्सव-2025 का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, जिसमें शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, क्रिकेट, स्लो बाइक रेस, 100 मीटर रेस, 400 मीटर रिले रेस और टग ऑफ वार शामिल थे। महोत्सव में मुख्य अतिथि विवेक सिंह, चेयरमैन ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्या पिंकी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपिका भारती, भबतारण भकत, मिली कुमारी, मधुसूदन महतो, राजेश्वर वर्मा आदि ने योगदान दिया।

अर्का जैन के 24 छात्रों का एक्सेंचर में चयन

JAMSHEDPUR : अर्का जैन विश्वविद्यालय के 24 छात्रों का सॉफ्टवेयर कंपनी एक्सेंचर में प्लेसमेंट हुआ है। प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय कंपनी एक्सेंचर में चयन हुआ है। कंपनी ने इन सभी छात्र-छात्राओं को पैकेज एप डेवलपर एसोसिएट के पद पर 3.44 लाख रुपये वार्षिक पैकेज (सीटीसी) पर लॉक किया है। इस उपलब्धि ने न सिर्फ विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है।

भाजपा ने साकची में चलाया सदस्यता अभियान

JAMSHEDPUR : भाजपा, ओबीसी मोर्चा ने मंगलवार को साकची स्थित बसंत टॉकीज के समीप सदस्यता अभियान चलाया, जिसमें कई लोगों को पार्टी से जोड़ा गया। मोर्चा के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सागर राय के नेतृत्व में लगे शिविर में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हलधर नारायण साह, मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता धर्मेंद्र प्रसाद आदि भी उपस्थित थे।

आईईडी की चपेट में आकर बच्ची की मौत, महिला घायल

सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए थे विस्फोटक

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सलियों के गढ़ सारंडा के जराईकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आकर एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई। मृतक बच्ची की पहचान तिरिलपोसी गांव निवासी सनिका गागराई की 7 वर्षीय बेटी सनियारो गागराई के रूप में हुई है। घटना मंगलवार सुबह 9.30 की बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए इसे पहले से लगाकर रखा था, लेकिन इसकी चपेट में एक ग्रामीण बच्ची आ गई।

इससे उसकी मौत हो गई। एक महिला घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराइकेला थाना अंतर्गत तिरिलपोसी गांव निवासी सनिका गागराई अपनी 7 वर्षीय बच्ची सनियारो गागराई, इस गांव के हरिचरण बोदरा की पुत्री एक साथ सारंडा तिरिलपोसी के राधाबेडा. जंगल में साल पत्ता तोड़ने के लिए गई थी। इसी दौरान बच्ची का पैर प्रेशर आईईडी पर पड़ गया। और आईईडी ब्लास्ट हो गया।आईईडी विस्फोट होने से बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि महिला घायल हो गई। बच्ची के दोनों पैर सहित शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। इधर घटना का सूचना मिलते ही सीआरपीएफ 134 बटालियन के जवानों ने मृतक बच्ची और घायल महिला को घटनास्थल से ग्रामीणों के सहयोग से निकाल कर इलाज के लिए मनोहरपुर अस्पताल भेज दिया।

विस्फोट से मृत बच्ची

नक्सलियों की कायराना हरकत : एसपी

एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा कोल्हान,सारंडा क्षेत्र में लगातार संचालित नक्सल विरोधी अभियान के कारण सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के लिए नक्सलियों द्वारा आईईडी का प्रयोग किया जा रहा है। आईईडी विस्फोट में ग्रामीणों को लक्षित कर मृत्यु, जख्मी करना नक्सलियों की एक कायराना हरकत है। इस पुरे घटना क्रम में चाईबासा पुलिस एवं सभी सुरक्षा बल इस घटना में इनके मृत्यु पर गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। झारखंड पुलिस आम जनता की सेवा में सदैव तत्पर है और ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु सघन नक्सल विरोधी अभियान जारी रहेगा।

मुसाबनी की नाबालिग से दो युवकों ने किया दुष्कर्म

- डुमरिया के जाहेरडीह में हुई घटना, पीड़िता के बयान पर हिरासत में लिए गए आरोपी

GHATSILA : मुसाबनी की एक नाबालिग से डुमरिया थाना क्षेत्र के जाहेरडीह गांव में दो युवकों द्वारा दुष्कर्म करने का मामला मंगलवार को सामने आया है। इस मामले को लेकर नाबालिग के ब्यान पर बांकीशोल पंचायत के कुंडालुका गांव निवासी युवक सालखान टुडू(40 वर्ष) एवं अजय टुडू 21 (वर्ष) के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में डुमरिया थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार, मुसाबनी थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के फोडीह टोला से एक नाबालिग पिछले दिनों अपनी नानी के घर कांटाशोल पंचायत के हाड़दा गांव गई थी। इसी क्रम में रविवार की रात गांव से कुछ दूरी पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा था। वह कार्यक्रम देखने नाबालिग भी गई थी। इसी दौरान वहां उससे सालखान टुडू एवं अजय टुडू से मुलाकात हुई। दोनों युवक उस नाबालिग को बहला फुसलाकर वहां से जाहेरडीह गांव के पास ले गए और उसके अनुसार दोनों ने रातभर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद उसे छोड़कर दोनों युवक फरार हो गए। सुबह जब नाबालिग पर लोगों की नजर पड़ी, तो नाबालिग से ग्रामीणों ने पूछा तो सारी कहानी सुनाई। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस नाबालिग से पूछताछ के बाद सोमवार की देर शाम मुसाबनी से दोनों युवकों को उठाकर थाना लाकर पूछताछ कर रही है। मंगलवार को नाबालिग और आरोपी युवक की ओर से दर्जनों लोग डुमरिया थाना पहुंचे थे। इस संबंध में डुमरिया थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने बताया कि नाबालिग के बयान पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। युवको से पूछताछ की जा रही है।

ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए विधायक

ANANDPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत आनंदपुर प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को विधायक जगत माझी ने साप्ताहिक जनता दरबार लगाया, जिसमें उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। विभिन्न पंचायत से आए ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपते हुए निदान की गुहार लगाई। अधिकांश समस्या सिंचाई और सड़क की समस्या से संबंधित थी। हारता गांव के प्रगतिशील किसान जुनुल कंडुलना ने विधायक से सिंचाई के लिए डीप बोरिंग की मांग रखी। भालुडूंगरी की ललित देवी ने कई माह से राशन नहीं मिलने की शिकायत की। बड़ा कुढ़ना के सुनील भेंगरा ने भी गांव में सिंचाई की समुचित व्यवस्था करने की मांग की। वहीं कुछ लोगों ने गांव में सड़क नहीं होने की शिकायत करते हुए विधायक निधि से सड़क निर्माण की मांग की। करीब दो घंटे तक चले जनता दरबार में विधायक ने कुछ समस्याओं को लेकर तत्काल संबंधित अधिकारियों को समाधान का निर्देश दिया। मालूम हो कि गत सप्ताह भी मंगलवार को विधायक ने जनता दरबार आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया था। विधायक जगत माझी ने बताया कि महीने के अंतिम सप्ताह में सभी विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

जनता दरबार में समस्या सुनते विधायक

एसडीओ ने अफीम की खेती को किया नष्ट

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित जंगलों में अभियान चलाकर 4.70 एकड़ में लगी अफीम की फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया गया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को पोड़ाहाट अनुमंडल में पुलिस बल की मौजूदगी में बंदगांव थाना अंतर्गत ग्राम किता में करीब 2 एकड़ , कराईकेला थाना अंतर्गत ग्राम कंकुआ , इंद्राआ में करीब 20 डिसमिल और टोकलो थाना क्षेत्र ग्राम हेसलकुटी, किमीरदा में पोड़ाहाट एसडीओ श्रुति राजलक्ष्मी के नेतृत्व में 2.5 एकड़ मैं लगी पोस्तो की खेती पर ट्रैक्टर चला दिया गया। इस दौरान चक्रधरपुर के अंचल अधिकारी भी मौजूद थे।

चाईबासा में नर्स ने प्रसूता से लिए 1200 रुपये, मामले ने पकड़ा तूल

मामला उजागर होने पर अन्य महिलाओं ने भी नर्स पर लगाए पैसे लेने के आरोप

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के तांतनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के नाम पर पैसा मांगे जाने की शिकायत सामने आई है। इस बार नर्स ने प्रसूता से ही 1200 रुपये ले लिए। इस संबंध में मंझारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य माधव चंद्र कुंकल ने पीड़िता से मुलाकात की। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। चींटीमिटी निवासी पीड़िता मगदली बिरुली के पति लेबेया बिरुली ने बताया कि उसकी पत्नी का प्रसव 6 जनवरी को सुबह 4.25 बजे हुआ। प्रसव के बाद ड्यूटी पर मौजूद नर्स रेणु कुमारी और कंचन कुमारी ने 6000 रुपये मांगे। पैसा नहीं होने की बात कहने के बावजूद मजबूरी में किसी तरह 1200 रुपये देना पड़ा। इस बात की पुष्टि अन्य मरीजों ने भी की। तेनतेडा निवासी पीड़िता रंदाय सिरका के पति मोटाय सिरका को भी 800 रुपये देने पड़े। छोटा बड़दा निवासी पीड़िता सरिता गोप के पति किशोर गोप को 1000 रुपये देना पड़ा और रायकोला निवासी पीड़िता होनमई दोराईबुरु के पति हरिचरण कुंकल को 1000 रुपये देना पड़ गया। माधव चंद्र कुंकल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कथनी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के करनी में फर्क है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाना है, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद नर्स खुलेआम गरीबों को लूटने का काम कर रहे हैं।

स्वास्थ्य केंद्र के बाहर शिकायतकर्ता

सिविल सर्जन से की गई शिकायत

माधव चंद्र कुंकल ने फोन से सिविल सर्जन सुशांतो माझी को मामले से अवगत कराया और तत्काल ऐसे कर्मचारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तांतनगर से बर्खास्त करने की मांग की। कहा कि इन्हें बर्खास्त नहीं किया गया तो ऐसे कर्मचारी और पदाधिकारियों के विरुद्ध आंदोलन कर व्यवस्था को सुधारने की लड़ाई लड़ी जाएगी।

टाटा मोटर्स के 19 कर्मचारियों को दी विदाई

JAMSHEDPUR : टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने मंगलवार को यूनियन कार्यालय में गत माह रिटायर हुए 19 कर्मचारियों को विदाई दी। अध्यक्ष गुरमीत सिंह व महामंत्री आरके सिंह ने स्मृति चिह्न व शॉल भेंट किया। इस दौरान व्हीकल फैक्ट्री से पेलाराम गोप व सीमा सिंह, चेसिस असेंबली से सोमनाथ भट्टाचार्य, रणबीर बरुआ, सुनील कुमार सिंह, एक्सल से कमलेश कुमार सिंह, शिशिर कुंडू, नवीन चंद्र झा, दिलीप कुमार, नीता विश्वास, मनोज कुमार श्रीवास्तव, फाइनल से शांतनु जेना, मनोज प्रसाद, फ्रेम फैक्ट्री से शिवशंकर सिंह, सीटीआर से सजल कुमार प्रसाद, फाउंड्री से रविशंकर शर्मा, किशोर प्रसाद श्रीवास्तव, कैब एंड कॉल से उमा प्रसाद आदि उपस्थित थे।

एनएमएल में सेल अधिकारियों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

बर्मामाइंस स्थित एनएमएल परिसर में सेल के प्रशिक्षु अधिकारी • फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : बर्मामाइंस स्थित सीएसआईआर-एनएमएल में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों के लिए कॉरपोरेट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके उद्घाटन समारोह में सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, डॉ. देवब्रत मिश्रा, मानव संसाधन समूह के प्रमुख व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एस. शिवाप्रसाद शामिल थे। इस दौरान डॉ. संदीप घोष चौधरी ने एनएमएल की विरासत और इतिहास तथा देश के इस्पात उद्योगों और खनिज क्षेत्र में इसकी मौजूदगी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में तेजी से बढ़ती धातु उत्पादन क्षमताओं के मद्देनजर खनिज प्रसंस्करण महत्वपूर्ण है। घरेलू इस्पात उत्पादन को वर्तमान 140 मिलियन टन से बढ़ाकर 2030 तक 300 मिलियन टन करना है। उन्होंने खनिज प्रसंस्करण प्रभाग की अनूठी अत्याधुनिक बेंच और पायलट स्केल सुविधाओं तथा इसके विविध ज्ञान आधार के बारे में भी बताया।

रेलवे मेंस कांग्रेस का कार्यालय होगा सील

JAMSHEDPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने सभी डिवीजन को पत्र लिखकर कहा है कि रेलवे यूनियन की मान्यता के लिए हुए चुनाव के बाद वैसे यूनियन, जिन्हें मान्यता नहीं मिली है, इनकी सुविधाओं को तत्काल प्रभाव से खत्म किया जाए। ऐसे में रेलवे मेंस कांग्रेस का कार्यालय भी सील किया जाएगा। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन में केवल रेलवे मेंस यूनियन को ही मान्यता मिली है, बाकी अन्य यूनियनों जैसे रेलवे मेंस कांग्रेस व अन्य यूनियनों को मान्यता नहीं मिल सकी है। ऐसे में इन सभी यूनियनों को मिलने वाली सभी सुविधाओं को खत्म करने को कहा गया है। रेलवे की ओर से यूनियनों को कार्यालय खोलने के लिए डिवीजनल और ब्रांच स्तर पर मिली क्वार्टर सुविधा, यूनियन पदाधिकारियों को मिले कार्ड पास की सुविधा खत्म करने, सीयूजे सिम की सुविधा खत्म की जाएगी।

संताली भाषा सम्मान दिवस पर पुरस्कृत किए गए 10 छात्र

कार्यक्रम में शामिल अतिथि व आयोजक • फोटोन न्यूज

GHATSILA : घाटशिला कॉलेज में संताली विभाग द्वारा मंगलवार को संताली भाषा सम्मान दिवस मनाया गया। इसमें कॉलेज के 10 प्रतिभाशाली छात्रों को आदिनीति डेवलपमेंट फाऊंडेशन द्वारा 10-10 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। फेडरेशन की डायरेक्टर नितिशा बेसरा ने यह सम्मान की राशि संथाली भाषा सम्मान दिवस सह अपने पिता पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा के 69वें जन्मदिन पर प्रदान किया। नितिशा बेसरा ने कहा कि अगले 10 वर्षों तक प्रतिवर्ष इस कॉलेज के 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को यह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी को प्रस्ताव दिया कि वे कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार कराएं, इसमें फाउंडेशन पूरा सहयोग करेगा। सम्मानित छात्रों में प्रदीप टुडू, बाहर बहादुर शरण, रामदास शारदा, सुरूवाली टुडू, सन्नी बास्के, ज्योति रानी टुडू, शोभा सोरेन, सोमवारी सोरेन व प्राची मांडी शामिल थीं। इस मौके पर पद्मश्री जानुम सिंह सोय भी उपस्थित थे।

जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 12 जनवरी तक होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

शहर में कल से दिखेंगे 49 विदेशी नस्लों के आकर्षक डॉग

PHOTON NEWS JSR : फेडरेशन साइनोलॉजिक इंटरनेशनेल (एफसीआई) और द केनेल क्लब ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 9 से 12 जनवरी तक डॉग शो होगा, जिसमें विदेशी नस्ल के एक से बढ़ कर एक डॉग आएंगे। 34वां और 35वां एफसीआई डॉग शो व जमशेदपुर केनेल क्लब द्वारा आयोजित 77वें और 78वें चैंपियनशिप डॉग शो का उद्घाटन 9 जनवरी को सुबह 9 बजे डीसी अनन्य मित्तल करेंगे। के आर्चरी ग्राउंड में होगा। जमशेदपुर केनेल क्लब की ओर से मंगलवार को रुचि नरेंद्रन ने पत्रकारों को बताया कि इस बार कुल एफसीआई शो और जेकेसी शो में 421 डॉग प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भाग लेंगे। कुल 49 नस्लों के डॉग भाग लेंगे। इसमे कई विदेशी नस्लें हैं। रिंग में 4 हार्लेक्विन ग्रेट डेन्स देखने को मिलेंगे। 44 डोबरमैन कुत्ते व 31 साइबेरियन हस्की होंगे। जमशेदपुर के कुल 90 डॉग भाग ले रहे है। जमशेदपुर के डॉग ओनर्स के लिए प्रतियोगिता होगी। इसमे 8 डॉग को बेस्ट इन शो में स्थान दिया जाएगा। इस बार 4 रिंग में प्रतियोगिताएं होगी। उन्हें जमशेदपुर के स्थानीय डॉग में सर्वश्रेष्ठ घोषित किया जाएगा।

पत्रकारों को संबोधित करतीं रुचि नरेंद्रन • फोटोन न्यूज

एफसीआई शो दूसरी बार जमशेदपुर में होगा

एफसीआई शो की मेजबानी जमशेदपुर केनेल क्लब 10 साल बाद दूसरी बार कर रहा है। है। जमशेदपुर केनेल क्लब पूर्वी भारत का एकमात्र केनेल क्लब है जिसे दूसरी बार एफसीआई शो की मेजबानी मिली है। इस बार विशेष रूप से 4 स्पेशलिटी शो होगा। इसमे लैब्राडोर शो; बीगल स्पेशलिटी शो, डोबरमैन स्पेशलिटी शो और साइबेरियन हस्की स्पेशलिटी शो आयोजित होगा।

पोस्ट ग्रेजुएट इन ओबिडिएंस टेस्ट देंगे

जमशेदपुर केनेल क्लब द्वारा ओबिडिएंस टेस्ट भी ले रहा है। इस बार कुल 49 डॉग ओबिडिएंस टेस्ट में भाग ले रहे है। 27 डॉग पोस्ट ग्रेजुएट इन ओबिडिएंस टेस्ट में भाग ले रहे हैं और 18 डॉग कम्पैनियन लेवल के लिए भाग ले रहे है। इसके साथ ही शो में कई विदेशी नस्लें भाग ले रही हैं। केशोंड और टॉय स्पैनियल पैपिलोन नस्लें पहली बार जमशेदपुर ग्राउंड पर भाग ले रही हैं। सैमोयड, मिनिएचर श्नौजर, इंग्लिश सेटर, मिनिएचर पिंसर , डॉग डे बोर्डो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर ,शिपरके, फॉक्स टेरियर, जैक रसेल टेरियर, इंग्लिश पॉइंटर, केन कोर्सो आदि नस्लों के डॉग भी देखे जाएंगे।

ये जज करेंगे निर्धारण

इस वर्ष के शो के लिए दुनिया भर से सर्वश्रेष्ठ जज भाग ले रहे है। सभी जज एफसीआई से प्रमाणित है। उनमें से अधिकांश वर्ल्ड डॉग शो के नियमित जज हैं। भारत, ब्राजील, साइप्रस, ग्रीस, थाइलैंड स्लोवानिया, पुर्तगाल से जज आ रहे है।

स्वच्छता की पहल

डॉग शो में जमशेदपुर केनेल क्लब ने विशेष पहल की है। वहीं बताया जाएगा कि वे अपने डॉग का मल स्वयं मैदान से साफ करेंगे। इसके लिए सभी डॉग ऑनर को किट दिया जाएगा। इस पहल का मकसद है कि विदेशों की तरह हम सभी समझें कि अगर आपका डॉग मल त्याग करता है, तो इसे साफ करने की जिम्मेदारी भी डॉग ऑनर की है।

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के साक्षी बन धन्य हुए श्रद्धालु, थिरके लोग

PHOTON NEWS JSR: पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मलेन के तत्वाधान में प्रभुदयाल भालोटिया सभागार, धालभूम क्लब ग्राउंड में आयोजित अष्टोतर शत श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर आचार्य बांकेबिहारी गोस्वामी ने अपने विद्वतापूर्ण उद्बोधन में मंगलवार को गोपी-उद्धव संवाद, सुदामा चरित्र एवं रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के साक्षी बन धन्य हो गए। आचार्य ने रुक्मिणी विवाह के प्रसंग की भी चर्चा की। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा जीवंत मंचन भी किया गया। श्रोता एवं दर्शक आह्लादित होकर खुशी मनाते हुए नाचने-गाने लगे एवं आपस में एक दूसरे को बधाई देते हुए मिठाई बांटने लगे। उल्लेखनीय है कि श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह कार्यक्रम के यजमान सुरेश भालोटिया, कुणाल भालोटिया और चिंटू भालोटिया के परिवार के सौजन्य से हुआ। कथा को आगे बढ़ाते हुए आचार्य ने द्वारिकानगरी जाकर श्रीकृष्ण के द्वारिकाधीश के रूप में समस्त लीलाओ का वर्णन किया। द्वारकाधीश और सुदामा के हृदयस्पर्शी मिलन का जीवंत नाट्य मंचन देख कर श्रोता भाव विभोर हो उठे।

आज की कथा में पूर्व मुख्यमंत्री सह ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास भी शामिल हुए।

पिछले पांच दिनों की तरह मंगलवार को भी प्रातःकाल 6 बजे से 125 पुरोहितों ने अपने अपने यजमानों के लिए श्रीमद्भागवत पुराण का मूल पाठ किया।

व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य से आशीर्वाद मांगते रघुवर दास • फोटोन न्यूज

एलेक्सा रिसोर्ट में जुटे थे श्रीवास्तव गैंग के अपराधी, छापेमारी में चार गिरफ्तार

पतरातू क्षेत्र के ठेकेदारों को धमकाने के मामले में पुलिस कर रही थी तलाश

AGENCY RAMGARH : रामगढ़ जिले में संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस काफी संवेदनशीलता से कार्रवाई कर रही है। अपराधियों की भनक लगते ही पुलिस ना सिर्फ अलर्ट हो रही है, बल्कि बेहद शातिर तरीके से अपराधियों को दबोच भी रही है। रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में एलेक्सा रिसोर्ट में जुटे अपराधियों को पुलिस ने भी बेहद नाटकीय तरीके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी श्रीवास्तव गैंग से ताल्लुकात रखते थे। वे लोग वहां पतरातू क्षेत्र में ठेकेदारों को धमकाने की योजना बना रहे थे। मंगलवार को एसपी अजय कुमार ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि श्रीवास्तव गिरोह के

मामले की जानकारी देते एसपी अजय कुमार ● फोटोन न्यूज

चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें पतरातू थाने के स्टीम कॉलोनी निवासी दीपक कुमार, रोचाप गांव निवासी शहादत अंसारी, एहसान अंसारी और एक नाबालिक युवक शामिल है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि जैसे ही अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एलेक्सा रिजॉर्ट को घेरा गया, वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर वहां मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की, तो कुछ लोगों ने चलाकी भी बरती। वह अपना फर्जी नाम पता बता कर भागने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन पुलिस को पहले पुख्ता जानकारी थी। कड़ाई से पूछताछ हुई और दीपक, शहादत, एहसान और एक अन्य अपराधी को दबोच लिया गया। दीपक और शहादत के पास से 9 एमएम का दो देसी पिस्टल और तीन जिंदा गोली बरामद हुआ है। इसके अलावा अपराधियों की स्कॉर्पियो गाड़ी (जेएच 01 डीसी 5893), सुजुकी कार (जेएच 01 एफएच 8859), एक बिना नंबर की कार और छह मोबाइल जब्त हुआ है।

एसपी अजय कुमार ने बताया कि अपराधियों की इस मीटिंग का पूरा प्लान होटवार जेल में बना था। जेल में बंद अमन श्रीवास्तव, रियाज अंसारी, शिव शर्मा और रतन सिंह के द्वारा धमकी दिए जाने और रंगदारी वसूलने की योजना बनाई गई थी। इस मीटिंग को सफल बनाने के लिए एलेक्सा रिसोर्ट के बाहर तीन लोगों को रेकी करने के लिए लगाया गया था। एहसान अंसारी और एक अन्य नाबालिक युवक इस रेकी में शामिल था, जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

एसपी ने बताया कि दीपक कुमार और शहादत अंसारी का आपराधिक इतिहास रहा है। दीपक के खिलाफ पतरातू और भुरकुंडा थाने में कई मामले दर्ज हैं। शहादत अंसारी के खिलाफ भी पतरातू थाना क्षेत्र में कई मामले पहले भी दर्ज हैं। कोल माइन्स एक्ट और वन अधिनियम के मामले में वह जेल भी गया था।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर बच्चे की मौत

LOHARDAGA : सेन्हा प्रखंड के चौकनी गांव में ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक बच्चे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरुधरधरिया पथ पर चौकनी गांव के समीप मंगलवार को गोबर खाद गिरा कर लौट रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित हो पक्की सड़क से नीचे खेत में पलट गया। इससे सवार नाबालिक को अंदरूनी और बाहरी गम्भीर चोट लगने से घटना स्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डाडू ढवठा टोली की ओर बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का ट्रैक्टर जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर खेत में जा गिरा जिससे अप्रिय घटना हुआ। मृत बच्चे की पहचान उरु कदम टोली ग्राम निवासी रंथु उरांव का पुत्र नितेश उरांव (12) के रूप में किया गया। फिलहाल शव को पुलिस कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज ट्रैक्टर को जब्त कर चालक के विरुद्ध अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

घरों से जेवर चुराने वाला चोर व गलाने वाला सोनार गिरफ्तार

पत्रकारों को जानकारी देते रामगढ़ एसपी ● फोटोन न्यूज

RAMGARH : घरों से जेवरात चोरी करने वाले चोर और जेवर गलाने वाले सोनार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि शातिर और आदतन चोर व्यापारी साहू उर्फ.नेपाली साहू पकड़ा गया है। एसपी ने बताया कि वह शातिर चोर को हजारीबाग जिला के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत मनुवा गांव से पकड़ा गया है। पूछताछ के दौरान उसने रामगढ़ एवं कुज्जू क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार अपराधी के घर से चोरी किया गया 40 हजार रुपये नगद, चार मोबाइल फोन, एक टैब और पांच चांदी का सिक्का भी बरामद हुआ है। उस अपराधी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर जेवर गलाने वाले सोनार रामगढ़ गोलपार्क निवासी ओमहरि सोनी को गिरफ्तार किया गया। ओमहरि सोनी की निशानदेही पर कांड में चोरी गए जेवरात को गलाकर बनाए गए विभिन्न प्रकार के आभूषण को उसके दुकान से बरामद किया गया है। बरामद आभूषण और सामान से संबंधित वैध कागजात की जब मांग की गई तो उसके द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। एसपी ने बताया कि दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों को मंगलवार को जेल भेज दिया गया है।

हथियार के साथ सात अपराधी गिरफ्तार

GIRIDIH : डकैती और लूट कांड की वारदातों में शामिल सात शातिर अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पपरावाटांड़ स्थित कार्यालय में एसपी डॉ विमल कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। गिरफ्तार अपराधियों में जमशेदपुर निवासी सागर मुंडा, पृथ्वी लोहार, सूरज टुडू, सुनील नायक, बिंदु नाग, राजधनवार निवासी सबर मोहन किस्कू ओर इलियास अंसारी शामिल है। एसपी ने बताया कि विगत 31 दिसंबर 2024 की रात्रि में धनवार थाना अंतर्गत राजा मंदिर के पास स्थित चंद्रिका पंडित के घर से सात अपराधियों के गिरोह ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पूर्व में रोहित शर्मा उर्फ टूटू विश्वकर्मा और आकाश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद घटना में संलिप्त अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में इन सभी आरोपितों को पुलिस के जरिये गिरफ्तार किया गया। बताया कि विगत 8 दिसंबर को एक लूटपाट की घटना हुई थी उस घटना से संबंधित आरोपी को पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही थी। बताया कि गिरफ्तार आरोपित में बिंदु नाग सबर ओर मोहन किस्कू लूटपाट घटना में संलिप्त था। बताया कि पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, चार मोबाइल फोन और एक चाकू भी बरामद किया है।

क्रिकेट मैच देख रहे थे लूटकांड के अपराधी, पुलिस ने दबोचा

- 13 दिसंबर की देर रात की थी लूटपाट, एक पिस्तौल व बाइक जब्त

JAMTARA : नकदी व मोबाइल लूट में शामिल दो अपराधी मंगलवार को करमाटांड़ के मकाटीकोठी क्रिकेट ग्राउंड में मैच देख रहे थे। जैसे ही आरोपियों के वहां होने की खबर करमाटांड़ पुलिस को मिली, पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों आरोपियों को मौके से दबोच लिया। पुलिस टीम ने दबिश के दौरान करमाटांड़ थाना क्षेत्र के कासीटांड़ के रहने वाले रामलाल मंडल और सियाटांड़ के रहने वाले अपराधी शनिचर मंडल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस टीम ने एक बाइक और लूट में प्रयुक्त पिस्तौल भी बरामद किया है। इस बात की जानकारी एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने दी। एसडीपीओ ने बताया कि सिकरपोसनी के रहने वाले गोपाल मंडल से पिछले साल 13 दिसंबर की रात करीब 11.45 बजे सियाटांड़-सिकरपोसनी के बीच टूटा पुल के पास तीन अपराधियों ने लूटपाट की थी। आरोपियों ने गोपाल के सिर पर पिस्तौल की बट से प्रहार कर 42,850 रुपये और एक मोबाइल फोन छीन लिया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी हथियार लहराते मौके से फरार हो गए थे। गोपाल मंडल की शिकायत पर करमाटांड़ थाने में 15 दिसंबर को मामला दर्ज किया गया था। डीएसपी ने बताया कि पीड़ित के बयानों पर मामला दर्ज करने के बाद घटना के बाद से आरोपियों की पुलिस को तलाश थी।

शीघ्र होगा बालू घाटों का संचालन, जेसीबी व हाइवा आदि के प्रयोग पर प्रतिबंध

KHUNTI : सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने आम जनता को सस्ती और वैध बालू उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक और महत्वपूर्ण पहल की है। पंचायत स्तर पर कैटेगरी-1 के पांच बालू घाटों का संचालन जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस पहल से न केवल बालू की उपलब्धता आसान होगी, बल्कि अवैध खनन पर भी प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी।

ये पांच बालू घाट कर्रा प्रखंड की सुनगी पंचायत, तोरपा प्रखंड की दियांकेल और चुरगी पंचायत, तथा मुरहू प्रखंड की माहिल और गनालोया पंचायत में संचालित किए जाएंगे। इसे लेकर मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में संबंधित पंचायतों के मुखिया और जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

गैंगस्टर हत्या मामले में 11 पर प्राथमिकी

पुलिस को चालक पर संदेह, हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

PHOTON NEWS PALAMU : गैंगस्टर भरत सिंह उर्फ भरत पांडेय व दीपक साव की हत्या के मामले में चैनपुर थाना में 11 लोगों पर नामजद प्राथमिकी कराई गई है। मृतक के पिता प्रदीप सिंह उर्फ गुज्जू पांडेय ने प्राथमिकी में पांडेय गिरोह के निशि पांडेय व विकास तिवारी समेत 11 पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें आकाश तिवारी, विकास साव, अमित साव उर्फ जूली, सुभाष सिंह, अनिल यादव, सुनील धोबी, बबलू ठाकुर, संदीप ठाकुर, निशांत सिंह शामिल थे। सभी आरोपित पतरातू थाना क्षेत्र के पतरातू रेलवे कालोनी निवासी हैं। प्रदीप सिंह उर्फ गुज्जू पांडेय ने कहा कि जेल में बंद विकास तिवारी ने निशि पांडेय के सहयोग से घटना को अंजाम दिया है। कहा कि अमन साव, अखिलेश श्रीवास्तव के गिरोह पर कोई शक नहीं हैं। जेल में बंद विकास तिवारी जेल से आदेश देता है। निशि पांडेय पैसा देकर घटना को अंजाम दिलाती है। 2021 में उसके भाई अखिलेश पांडेय की हत्या भी उनलोगों ने कराई थी।

मामले की जांच में जुटे पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

पुलिस ने किया एसआईटी का गठन

गैंगवार के मामले में पलामू पुलिस ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया है। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में गठित एसआईटी में सदर और शहर अंचल के इंस्पेक्टर, सतबरवा, रामगढ़, सदर, मनातू, हैदरनगर के थाना प्रभारी शामिल हैं। एसआईटी विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर रही है। इधर, दूसरी ओर पुलिस मृतक भरत पांडेय के चालक गरदा निवासी संजोग सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वह मृतक भरत पांडेय का मौसेरा भाई भी है।

> गैंगस्टर भरत सिंह उर्फ भरत पांडेय व दीपक साव की हत्या के मामले में एसआईटी का गठन कर विभिन्न इलाकों में छापेमारी की जा रही है। इस मामले में चैनपुर थाना में 11 आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी की गई है। इधर, रांची से पहुंची फारेंसिक की टीम ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। फारेंसिक जांच के बाद दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के उपरांत पलामू पुलिस शवों को स्वजनों को सौंप देगी। – रीष्मा रमेशन, एसपी, पलामू

रिम्स में होगा मृतकों का पोस्टमार्टम : मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में सोमवार देर शाम मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। शाम हो जाने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका। मंगलवार को अस्पताल अधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने पोस्टमार्टम के लिए पांच सदस्यीय मेडिकल बोर्ड का गठन किया।

कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचे : केंद्रीय मंत्री

- जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक में अन्नपूर्णा देवी ने दिए निर्देश

PHOTON NEWS HAZARIBAG : केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक हुई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, विधायक बरही मनोज यादव व विधायक बरकट्ठा अमित यादव भी थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की सभी योजना की पहुंच आम जनता तक सुगमता से पहुंचे, हम सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की यह

केंद्रीय मंत्री का स्वागत करतीं उपायुक्त नैन्सी सहाय (बाएं) ● फोटोन न्यूज

महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। जनकल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ सही लाभुक तक एवं गुणवत्ता और तत्परता से मिले, इसके लिए हमारी सजगता एवं संवेदनशीलता जरूरी है। काम की गुणवत्ता के साथ समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने की जरूरत है। निगरानी प्रणाली में जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए संबंधित विभागों को जिम्मेवार बनाकर गुणवत्ता की सतत मॉनिटरिंग की जाए, समय पर योजना पूरा हो यह सुनिश्चित करें। योग्य लाभुकों को उनका हक मिले तथा समयबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन हो। केंद्रीय मंत्री ने विभागवार किए जा रहें कार्यों की समीक्षा की तथा कई आवश्यक निर्देश दिए।

वन स्टॉप सेंटर पहुंचीं मंत्री अन्नपूर्णा देवी

HAZARIBAG : केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को सदर अस्पताल परिसर में संचालित सखी-वन स्टॉप सेंटर, हजारीबाग का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री के साथ अमित कुमार यादव, विधायक बरकट्ठा व प्रदीप प्रसाद, विधायक हजारीबाग सदर भी उपस्थित रहे। मंत्री ने सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं एवं साफ-सफाई को संतोषप्रद बताया। मंत्री को जानकारी दी गई कि इस सेंटर में वर्तमान में शक्ति सदन व डीएचईडब्लू का संचालन किया जा रहा है। मंत्री ने शक्ति सदन एवं डीएचईडब्लू के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन से डॉ. सरयू प्रसाद, सिविल सर्जन, पंकज कुमार, जिला योजना पदाधिकारी, शिप्रा सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रतिमा कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हजारीबाग ग्रामीण -सह- नोडल पदाधिकारी, सखी-वन स्टॉप सेंटर/शक्ति सदन/डी.एच.ई.डब्लू., हजारीबाग उपस्थित थीं।

पुलिस ने नक्सली को किया गिरफ्तार

AGENCY GIRIDIH : गिरिडीह पुलिस ने जिले के नक्सल प्रभावित भेलवाघाटी थाना इलाके से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य रहे तालो मरांडी उर्फ सुनील मरांडी को गिरफ्तार किया है। वह जमुई के चकाई का रहने वाला है। मरांडी भेलवाघाटी के बलिहारी जंगल में अपने परिजनों के साथ पैदल जाने के क्रम में गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एसपी डॉ. विमल कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार नक्सली का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 - 20 में झारखंड - बिहार के सीमावर्ती इलाके में दहशत कायम करने , ठेकेदारों से लेवी वसूली करने , सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने सहित अन्य नक्सली कांडों के आरोप में सीमावर्ती चमाई , भेलवाघाटी थाने में मामले

पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते एसपी डॉ. विमल कुमार

दर्ज है। एसपी ने कहा की तालो मरांडी बिहार झारखंड के ईनामी और कुख्यात नक्सलियों के मारक दस्ते से जुड़ा रहा है। इसमें पिंटू राणा, मारा गया ईनामी नक्सली चिराग दा के दस्ते से जुड़ा हुआ था। एक समय इन दोनों के इशारे पर तालो मरांडी इलाके में चलने वाली योजनाओं में ठेकेदारों से लेवी वसूलने का काम करता था। साल 2020 में इसने दोनों राज्यों के सीमावर्ती गांव गुनायाथर के जेडी नदी के समीप जमीन में बड़े पैमाने पर विस्फोटक छिपाकर रखा था।उन्होंने बताया कि जमीन के भीतर छिपाकर रखने का मकसद किसी बड़े नक्सली घटना को अंजाम देना था। गुनियाथर में तालो मरांडी के नेतृत्व में नदी पर निमार्णाधीन पुल के ठेकेदारों से लेवी का मांग किया गया था। नहीं देने पर तालो मरांडी ने अपने दस्ते के साथियों के साथ सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट किया था।

मंडल कारा में जिलास्तरीय दल ने ली बंदियों से सुविधा की जानकारी

जिलास्तरीय दल के प्रतिनिधि ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : चाईबासा की सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट से पारित आदेश एवं झालसा के निर्देश पर गठित जिलास्तरीय जांच दल ने मंगलवार को मंडल कारा में जांच अभियान चलाया गया। जांच दल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को शामिल किया गया था। इस संयुक्त जांच अभियान में प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज मौहम्मद शाकिर, एसपी आशुतोष शेखर, प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह आदि भी शामिल थे। जांच दल में शामिल अधिकारियों ने मंडल कारा के प्रत्येक बंदियों से बातचीत की तथा उनसे जानकारी ली गई कि क्या उन लोगों के साथ जाति, धर्म या लिंग के आधार पर कारा में किसी तरह का कोई भेदभाव किया जाता है। साथ ही खानपान एवं पढ़ाई लिखाई या इलाज में किसी तरह का कोई भेदभाव किया जाता है। इस पर सभी बंदियों ने बताया कि उनके साथ किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं किया जाता है।

एचएमपीवी को लेकर सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को दिए गए निर्देश

वायरस से डरने की जरूरत नहीं, रहें सचेत

PHOTON NEWS DHANBAD : चीन में तेजी से फैल रहे ह्यूमन मेटान्यूवायरस (एचएमपीवी) को लेकर देश भर में अलर्ट जारी किया जा रहा है। धनबाद में भी स्वास्थ्य विभाग सतर्कता बरत रहा है। इसे लेकर जिला महामारी नियंत्रण रोग विभाग ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को इस संबंध में निर्देश दिए जा रहे हैं। महामारी रोग नियंत्रण विभाग के पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि वायरस से किसी भी प्रकार का खतरा नहीं दिख रहा है, लेकिन सचेत रहना जरूरी है। किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। धनबाद में अभी ऐसा कोई मामला नहीं आया है। सभी अस्पतालों को भी सूचित किया जा रहा है कि एचएमपीवी वायरस के मिलते-जुलते लक्षण होने पर इसकी सूचना तत्काल जिला महामारी रोग नियंत्रण विभाग को

दी जाए। इसके लिए जांच किट भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिनमें शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता कम है, ऐसे मरीजों को सावधान रहने की जरूरत है।

बेंगलुरु और अहमदाबाद में कुछ संक्रमित मिले हैं। ऐसे में बाहर से आने वाले लोगों पर भी निगरानी रहेगी।

डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि यह वाइरस नया नहीं है। यह काफी पुराना वायरस है, जो सर्दी-खांसी और बुखार का कारण बनती है। हालांकि इससे लोग तेजी से संक्रमित हो सकते हैं। इसलिए लोगों से अपील की जा रही है कि भीड़भाड़ वाले स्थान पर मास्क लगाकर जाएं। शारीरिक दूरी बनाकर रखना बेहतर विकल्प है। हालांकि इस वायरस से डरने की जरूरत नहीं है।

एचएमपीवी के लक्षण

- सर्दी-जुकाम होना
- गले में हल्की खराश होना
- सिरदर्द के साथ बुखार भी होना
- बच्चों में तेजी से ठंड लगना, नाक बहना
- खांसी के साथ बुखार भी होना

बचाव के उपाय

- बाहर निकलते वक्त मास्क जरूर लगाएं
- संक्रमित व्यक्ति घर में भी मास्क पहनें
- खांसते-छींकते समय मुंह पर रूमाल या कपड़ा रखें
- हाथों को साबुन से हर आधे घंटे पर धोएं
- साफ-सफाई का ख्याल रखें

ये बातें अमल में लाएं

- संक्रमित व्यक्ति से संपर्क में नहीं आएं
- उनके प्रयोग किए गए कपड़े व सामान न छुएं
- भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचें।

बाइक सवार अपराधियों ने मजदूर को मारी गोली

अस्पताल में घायल मजदूर का इलाज करते डॉक्टर ● फोटोन न्यूज

PALAMU : बाइक सवार अपराधियों ने मंगलवार को सदर थाना क्षेत्र के जोरकट में मजदूर को गोली मार दी। हालांकि गोली मजदूर के पैर में लगी है। घायल मजदूर को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि गोली लगने से घायल मजदूर मजदूर मनीष कुमार सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव का निवासी है। वह ओरकट में एनएच फोरलेन कार्य के तहत टोल प्लाजा के निर्माण में मजदूरी करता है। मंगलवार की शाम वह टोल निर्माण स्थल पर था। इस दौरान बाइक पर सवार अपराधी वहां पहुंचे और हथियार तानकर पूछे कि यहां कौन निर्माण करा रहा है। पूछताछ के दौरान हथियार से गोली चल गई, जो मनीष के पैर में लग गई। गोली चलने की घटना से आसपास के लोग वहां जुट गए। उसके बाद अपराधी बाइक से भाग निकले। घटना की सूचना पाकर सदर थाना के एएसआई अनंत सिंह, बीबी शामद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल मजदूर को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल भेजा।

धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक सौहार्द के लिए गौवध निषिद्ध होना ही चाहिए

हमारा देश भारत अनेकता में एकता का सम्मान करने वाला विविधताओं से भरा है, जहां कई धर्मों और संस्कृतियों के लोग मिलजुल कर रहते करते हैं। यहां की आबादी में हिंदू लगभग 80%, जबकि मुस्लिम लगभग 15% हैं। ऐसे में जहां ज्यादातर लोग गाय को पवित्र पशु के रूप में मानते हैं और उसे आस्था की नजरों से देखते हैं, उनकी भावनाओं का सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। दूसरों की मान्यताओं का सम्मान करना, सद्भाव से रहना और ऐसे किसी भी काम से बचना, जो दूसरों की भावनाओं को चोट पहुंचा सकता है या समाज में समस्याए पैदा कर सकता है। इस्लाम में हमारा धर्म हमें दूसरों के साथ शांति से रहना और उनकी परंपराओं और मान्यताओं का सम्मान करना सिखाता है। कुरान हमें ऐसे काम करने से बचने के लिए कहता है, जो दूसरों की भावनाओं को चोट पहुंचा सकते हैं, खासकर अगर इससे बहस या हिंसा हो। जब हम समझते हैं कि भारत में अधिकतर लोग गाय को पवित्र मानते हैं तो सच्चे मुसलमान के तौर पर यह हमारा कर्तव्य है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हम बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। यह प्यार और दोस्ती को सम्मान देकर सौहार्द और आपसी प्रेम को बढ़ाने वाले तरीके से जीने के बारे में है। भारत में सामाजिक तनाव और हिंसा का बड़ा कारण गौहत्या रहा है। हाल के वर्षों में भीड़ द्वारा हमले और लिंचिंग की घटनाएं हुई हैं, जहां गौहत्या या गौमांस खाने के आरोप में कई लोगों को पीटा गया या यहां तक कि मार दिया गया। इनमें से कई हमले गलतफहमी या अफवाहों के कारण हुए। ऐसी घटनाएं समुदायों के बीच विभाजन पैदा करती हैं, जिससे लोगों का एक दूसरे पर भरोसा करना मुश्किल हो जाता है। भारत में गौहत्या का इतना बड़ा मुद्दा बनने का एक कारण यह है कि गाय हिंदू संस्कृति के साथ बहुत गहराई से जुड़ी हुई है। गाय को गौमाता कहा जाता है, जिसका अर्थ है- गाय माता। हिंदुओं का मानना है कि गाय दयालुता, देखभाल और निःस्वार्थ भाव से देने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि यह मनुष्यों को दूध प्रदान करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में गाय को परिवार का सदस्य माना जाता है। भारत दुनिया का बड़ा दूध उत्पादक है, जो वैश्विक डेयरी उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देता है। लाखों किसान, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, अपनी आय के लिए गायों पर निर्भर हैं। भारतीय डेयरी उद्योग देश की कृषि की आधारशिला है, जिसका दूध उत्पादन वित्त वर्ष 2023 में लगभग 230 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच गया। यह पिछले वर्षों की तुलना में लगातार वृद्धि दशार्ता है, जो इस क्षेत्र के विकास और महत्व को रेखांकित करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है, जहां प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 459 ग्राम प्रतिदिन है। इसलिए जब गायों का वध किया जाता है तो यह इस व्यवस्था को बाधित करता है और गांवों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। गायों की रक्षा करना किसानों की आजीविका का समर्थन करना और देश की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने से भी गहरे तक जुड़ा है। इस्लाम में जानवरों की बलि देना धार्मिक प्रथाओं का हिस्सा है, खासकर ईद-उल-अजहा के दौरान। हालांकि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस्लाम में विशेष रूप से गायों की बलि की आवश्यकता नहीं है। अन्य जानवर जैसे बकरी, भेड़ या भैंस की भी बलि दी जा सकती है। भारत जैसे देश में जहां गौहत्या तनाव पैदा करती है, विकल्प चुनना दूसरों को चोट पहुंचाने से बचने का एक सरल तरीका है और अपने धार्मिक कर्तव्यों को भी पूरा करना है। 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने अवैध बूचड़खानों पर कार्रवाई शुरू की। यह कदम उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विशेष रूप से प्रमुख था और इसका उद्देश्य मौजूदा कानूनों को लागू करना और मांस उद्योग को विनियमित करना था। इस पहल के तहत कई अपंजीकृत और अनियमित बूचड़खानों को बंद कर दिया गया। 2016 से 2020 तक गौहत्या या गौमांस खाने के आरोपों में भीड़ की हिंसा और लिंचिंग की घटनाओं में 50 से अधिक लोगों की जान चली गई। ये दुखद घटनाएं अक्सर गलतफहमी, झूठी अफवाहों या सोशल मीडिया पर गलत सूचना के कारण होती हैं। इस तरह की हिंसा ने समुदायों के बीच विभाजन पैदा किया है और भारत में शांति और एकता बनाए रखने के लिए इन मुद्दों को संबोधित करने के महत्व को रेखांकित किया है। धार्मिक भावनाओं का सम्मान करके और हिंसा को बढ़ावा देने वाली गलत सूचनाओं के प्रसार को रोक कर सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा दिया जा सकता है। हमारा इतिहास बताता है कि हिंदू और मुसलमान सदियों से शांतिपूर्वक साथ रहते आए हैं। मुगल काल में अकबर और जहांगीर जैसे शासकों ने हिंदू प्रजा की मान्यताओं का सम्मान करने के लिए गौहत्या से परहेज किया। इन भावनाओं का सम्मान करने के उनके फैसले ने साम्राज्य में शांति और एकता बनाए रखने में मदद की। अगर वे सैकड़ों साल पहले इस स्तर की समझदारी और उदारता दिखा सकते थे, तो हम आज की आधुनिक दुनिया में भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं। गौहत्या से जुड़ी हिंसा अक्सर समझ और संवाद की कमी के कारण होती है। बहुत से लोग यह नहीं समझते कि बहुसंख्यकों की मान्यताओं का सम्मान करने का मतलब अपनी मान्यताओं को छोड़ना नहीं है। इसका मतलब बस एक संतुलन बनाना है, जो सुनिश्चित करता है कि हर कोई शांति से रह सके।

अब अपनों के निशाने पर आ गई कांग्रेस पार्टी

ANALYSIS

रमेश सर्राफ धमोरा

जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडी गठबंधन टूट के कगार पर है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। अब दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) ने कांग्रेस को गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। यहां दोनों पार्टियों अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आआपा खासी नाराज हो गई। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह चुनाव लड़ रही है, उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी जीत तय मानकर आआपा से गठबंधन से इनकार कर दिया था।

कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडी गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा कांग्रेस से गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडी गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुलेआम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही हैं। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडी गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की है। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी सहमति जताई। इससे विपक्षी गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडी गठबंधन टूट के कगार पर है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। अब दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) ने कांग्रेस को गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। यहां दोनों पार्टियों अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आआपा खासी नाराज हो गई। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह चुनाव लड़ रही है, उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी जीत तय मानकर आआपा से गठबंधन से इनकार कर दिया था। इसके चलते आआपा ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए। हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आआपा से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गंवा दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी, जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर लड़ा था। महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महाविकास अघाड़ी की करारी हार के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आआपा और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार की भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले जीत सकती है, इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इनमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन के अकेले चुनाव लड़ी थी। इनमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का औसत, 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का औसत 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह देखें तो कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ने के बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे। कांग्रेस पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ी थी। बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश हैं, जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा, जहां उनकी सीटें 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी। वहां कांग्रेस सबसे अधिक 101 सीटों पर चुनाव लड़ी, जिसमें महज 16 सीट ही जीत पाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले, जो कुल मतदान का 12. 42 प्रतिशत थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत का स्ट्राइक रेट 15.38 प्रतिशत ही रहा। संसद के शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। इसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अडानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अडानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए है। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था। इंडी अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है, वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे हैं। इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वहीं, गठबंधन अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है। आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आआपा चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो। मगर, कांग्रेस का रवैया देखकर आआपा भी सकते में है। पार्टी के नेता कांग्रेस को वोट कटवा के रूप में देख रहे हैं तथा खुलेआम भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पूर्ण रूप से सूची जारी कर दी है। यदि दिल्ली चुनाव में आआपा पराजित हो जाती है तो गठबंधन के ताबूत में वह आखरी कील साबित होगी। कांग्रेस को यदि इंडी गठबंधन को बचाना है, तो अपने सहयोगी क्षेत्रीय दलों की भावनाओं को समझ कर फैसला करना होगा। तभी कांग्रेस अपना राजनीतिक वजूद को बचा पाएगी।

आर्थिक विकास की धुरी बनते गांव

हाल में आई एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी सहायता कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभावों और विकास कार्यों के कारण देश में गरीबी में कमी आई है। यह पिछले वर्ष में घटकर पांच प्रतिशत से भी कम रह गई है। गरीबी में यह कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से हुई है। यहां वित्त वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत और शहरी गरीबी 13.7 प्रतिशत थी, वहीं 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घटकर 4.86 प्रतिशत और शहरी गरीबी घटकर 4.09 प्रतिशत पर आ गई। वित्त वर्ष 2009-10 से 2023-24 के बीच शहरी इलाकों में हर माह प्रतिव्यक्ति उपभोक्ता खर्च 1984 रुपये से बढ़कर 6996 रुपये और ग्रामीण इलाकों में यह खर्च 1054 रुपये से बढ़कर 4122 रुपये हो गया। इस प्रकार देखें तो पिछले 14 वर्षों में आमदनी बढ़ने से जहां शहरों में हर माह प्रतिव्यक्ति उपभोक्ता खर्च 3.5 गुना हो गया, वहीं यह ग्रामीण इलाकों में करीब चार गुना हो गया। शहरों की तुलना में गांवों में खर्च की वृद्धि ज्यादा है। विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित दुनिया में गरीबी संबंधी रिपोर्ट-2024 में भी कहा गया है कि भारत में अत्यधिक गरीबों की संख्या 1990 में 43.1 करोड़ थी। यह संख्या घटते हुए 2021 में 16.74 करोड़ और 2024 में करीब 12.9 करोड़ रह गई। नीति आयोग की तरफ से वैश्विक मान्यता के मापदंडों पर आधारित बहुआयामी गरीबी इंडेक्स (एमपीआई)-2024 के मुताबिक देश में पिछले दस वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आए हैं। इससे जाहिर होता है कि भारत में तेजी से बढ़ता विकास आम आदमी की आमदनी बढ़ा रहा है और गरीबी में तेजी से घटने की प्रवृत्ति उभर रही है। इसके साथ ही शहरों की तुलना में गांवों में गरीबी तेजी से घट रही है और उनकी आमदनी एवं क्रय शक्ति में भी तेज वृद्धि हो रही है। इसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने अहम भूमिका निभाई है। सरकार ने इसके तहत 80 करोड़ से अधिक गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों को 2028 तक मुफ्त अनाज दिया जाना सुनिश्चित किया है। देश भर में मौजूदा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पांच लाख से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से यह निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण है कि 2016 से राशन की दुकानों में प्वाइंट आफ सेल (पीओएस) मशीनों की शुरूआत से इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिली है। 2011-12 की खपत संख्या के आधार पर शांता कुमार समिति ने कहा था कि पीडीएस व्यवस्था में करीब 46 प्रतिशत लीकेज है। इस समय यह लीकेज घटकर 28 प्रतिशत रह गया है। राशन कार्ड के डिजिटलीकरण के चलते देश में पीडीएस को अधिक कारगर बनाने के लिए आधार एवं ईकेवाईसी प्रणाली के माध्यम से सत्यापन कराने के बाद अब तक फर्जी पाए गए पांच करोड़ 80 लाख से अधिक राशन कार्ड रद कर दिए गए हैं। डिजिटल इंडिया, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य आदि योजनाओं से भी देश में गरीबी में कमी आ रही है। खासतौर से करीब 54 करोड़ से अधिक जनधन खातों, करीब 138 करोड़ आधार कार्ड तथा करीब 115 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं की शक्ति वाले जैम (जेएएम यानी जनधन, आधार, मोबाइल) से सुगठित डिजिटल ढांचा गरीबों के सशक्तीकरण में असाधारण भूमिका निभा रहा है। जैम के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। 2014 से वर्ष 2024 तक 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभार्थियों के खातों में सीधे जमा हो चुकी है। इन सबसे गरीबी में बड़ी कमी आई है और ग्रामीण भारत विशेष रूप से लाभान्वित हुआ है। आज गांवों के लाखों घरों को पीने का साफ पानी मिल रहा है। लोगों को डेढ़ लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। डिजिटल तकनीक की मदद से डाक्टर और अस्पताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के जरिये किसानों को छह हजार रुपये की सालाना आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते 10 वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। फसलों पर दी जाने वाली सब्सिडी और फसल बीमा की राशि को भी बढ़ाया है। स्वामित्व योजना के जरिए गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। गांव के युवाओं को मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए मदद की जा रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार नए वर्ष में गरीबी को और घटाने के लिए गरीबों के सशक्तीकरण की मौजूदा योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन के साथ नई योजनाओं एवं नए रणनीतिक प्रयासों के साथ आगे बढ़ेगी और बहुआयामी गरीबी का सामना कर रहे करीब 15 करोड़ से अधिक लोगों को 2030 तक गरीबी से बाहर लाने के लक्ष्य पर ध्यान देगी। सरकार को चाहिए कि विकसित भारत के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सशक्त बनाने की डगर पर आगे बढ़े। इससे भी ग्रामीणों की आमदनी में तेजी वृद्धि होगी और ग्रामीण गरीबी में और कमी आएगी।

Social Media Corner

सच के हक में...

आदरणीय प्रधानमंत्री जी, आपके यशस्वी और दूरदर्शी नेतृत्व का ही प्रतिफल है कि भारत 1,000 किलोमीटर लंबाई के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क बन गया है। देश भर में हुए इस मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार ने लाखों नागरिकों के लिए तेज और सुरक्षित यात्रा को सहज सुलभ बना दिया है।

(यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का 'एक्स' पर पोस्ट)

चुनाव से पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने घोषणा की थी कि 1 दिसंबर से हर परिवार को ₹450 में गैस सिलेंडर मिलेगा। लेकिन अब, चुनावी जीत के बाद कांग्रेस कोटे से नियुक्त वित्त मंत्री का रुख अचानक बदल गया है। वे अब कह रहे हैं कि ₹450 में गैस सिलेंडर देने के लिए गठबंधन के साथी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की मंजूरी जरूरी है। अब सवाल यह उठता है कि क्या कांग्रेस ने झामुमो की सहमति के बिना यह वादा कर दिया था? और अगर झामुमो वाकई इस वादे को लागू करने में बाधा बना हुआ है, तो कांग्रेस को खुलकर जनता के सामने सच रखना चाहिए। गठबंधन का बहाना बनाकर, अपने चुनावी वायदों से पीछे हटकर झामुमो कांग्रेस जनता के विश्वास के साथ धोखा कर रही है। चुनावी वायदे केवल वोट बटोरने का जरिया नहीं होते, बल्कि जनसेवा की प्रतिबद्धता का प्रतीक होते हैं। इसलिए आरोप प्रत्यारोप छोड़कर जनता को जल्द से जल्द ₹450 में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की पहल शुरू की जाए।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

मनुष्य और तकनीक के संबंधों को लेकर उभरती चिंताएं

वर्ष 2025 के बारे में चाहे किसी ने आशावादी या निराशावादी विचार व्यक्त किए हों, मगर ये सच है कि इन चिंतकों ने मनुष्य और डिजिटल तकनीकों के निकट भविष्य के लिए अपनी चिंताओं को भी व्यक्त किया है। उनकी ज्यादातर चिंताएं प्रौद्योगिकी कंपनियों की बढ़ती शक्ति पर केंद्रित हैं, जो लोगों के जीवन में सूचना प्रवाह को नियंत्रित करती हैं और व्यक्तियों की गोपनीयता और स्वायत्तता से समझौता करने की उनकी क्षमता पर केंद्रित हैं। इसकी बहुत कम संभावना है कि बाजार पूंजीवाद और मुनाफा कमाने को प्राथमिकता बनाने की प्रतिस्पर्धी अनिवार्यता को बदलने में सफल होगा। सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए झूठ का प्रसार सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगा। कुछ संभावित उपाय नागरिक स्वतंत्रता में बाधा डाल सकते हैं। ऑनलाइन झूठ, गलत सूचना का बेकाबू प्रवाह विभाजनकारी, खतरनाक और विनाशकारी है। स्वास्थ्य निगरानी, कार्य निगरानी और सुरक्षा समाधान जो लागू किए जा सकते हैं, वे बड़े पैमाने पर निगरानी का विस्तार करेंगे और मानवाधिकारों को खतरे में डालेंगे। टेलीवर्क के कारण अधिक व्यावसायिक प्रणालियों और प्रक्रियाओं के तेज स्वचालन से मनुष्यों के लिए उपलब्ध नौकरियों की संख्या कम हो रही है। इसके अतिरिक्त इतने ज्यादा अलगाव के समय में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है। मुझे लगता है कि बिगड़ती आर्थिक स्थिति, नागरिक अशांति, अनिश्चित दीर्घकालिक महामारी परिणामों के संगम से प्रौद्योगिकी से संबंधित नुकसान और दुरुपयोग की संभावना अधिक है, विशेष रूप से तब जब उत्पाद, जोखिम मूल्यांकन आदि पर कम कठोरता के साथ बाजार में आते हैं। तकनीक हमारे जीवन में और भी व्यापक हो जाएगी, हर पहलू में। यह काम ज्यादा विकल्प और बेहतर सेवा को सक्षम करेगा, लेकिन इसकी बहुत अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। निगरानी में वृद्धि, गोपनीयता की हानि, अधिक जोखिम व्यक्तियों और राजनीतिक प्रणालियों दोनों के लिए घातक होगा। बिगड़ती आर्थिक स्थिति, नागरिक अशांति, अनिश्चित दीर्घकालिक महामारी के परिणामों का गठजोड़ प्रौद्योगिकी से संबंधित नुकसान और दुरुपयोग की ओर ले जाने की अधिक आशंका है। बहुत कम या बिना किसी पारदर्शिता, जवाबदेही या निगरानी के साथ काम करने वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों की विशाल और काफी हद तक अनियमित शक्ति चिंताजनक है। साल 2025 आर्थिक, स्वास्थ्य और कल्याण कारकों के आधार पर औसत व्यक्ति के लिए बदतर होगा, जिसके परिणामस्वरूप बढ़े हुए कर्ज, कम बचत, कम वेतन वृद्धि जैसे प्रभाव होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्ष 2025 कहीं ज्यादा तकनीक चालित होगा और ज्यादा बड़ी चुनौतियां पेश करेगा। लोगों के पास काफी कम दोस्त होंगे, क्योंकि नियमित रूप से व्यक्तिगत संपर्क की कमी के कारण रिश्ते कम होते जा रहे हैं। युगल और एकल परिवार पर कुछ हद तक नव-परंपरावादी गहन ध्यान केंद्रित होगा, जो कि काफी हद तक दमघोंटू होगा। जीवन अधिक तकनीक-संचालित होगा, जिससे और भी बड़ी चुनौतियां सामने आएंगी। लोग अच्छे और बुरे के लिए तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल उपकरणों पर अधिक निर्भरता विकसित कर लेंगे। व्यापक सामाजिक परिवर्तन से ज्यादातर लोगों के लिए जीवन बदतर हो जाएगा, क्योंकि अधिक असमानता, बढ़ता सत्तावाद और बड़े पैमाने पर गलत सूचनाएँ समाज पर हावी हो रही हैं। सामाजिक और नस्लीय असमानता बढ़ने, सुरक्षा और गोपनीयता के बिगड़ने और गलत सूचना के और अधिक फैलने की आशंका है।

मनगढ़ंत शिकायत

यह बेहद अफसोसनाक है कि तमिलनाडु विधानसभा के नए साल के सत्र की शुरूआत में सदन को राज्यपाल द्वारा दिया जाने वाला पारंपरिक संबोधन साल दर साल एक अप्रिय घटना में तब्दील होता जा रहा है। लगातार तीसरे साल राज्यपाल आरएन रवि की विवाद खड़ा करने की प्रवृत्ति सामने आई है। वह यह दावा करते हुए संबोधन को बिना पढ़े ही विधानसभा से चले गए कि राष्ट्रगान और देश के संविधान का अपमान किया गया है, क्योंकि उनके भाषण से पहले राष्ट्रगान नहीं बजाया गया। राज्य सरकार का कहना है कि विधानसभा में अभिभाषण से पहले तमिल में राज्य का आह्वान तथा राज्यपाल के भाषण के अंत में राष्ट्रगान बजाने की परंपरा है और इस बारे में राज्यपाल के कार्यालय को अवगत कराया गया है। पिछले सालों की तरह इस कार्यक्रम के घोर राजनीतिकरण का अधिकांश दोष राज्यपाल रवि को देना होगा। अगर उन्हें विधानसभा में अपनाई जाने वाली प्रथा के बारे में पहले से जानकारी थी, तो उनकी यह शिकायत विवाद पैदा करने और सदन के पटल पर सरकार के नीतिगत वक्तव्य को प्रस्तुत करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य को निभाने से बचने की एक चाल नजर आती है। वर्ष 2023 में रवि ने राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए संबोधन के कुछ हिस्सों को छोड़ दिया था, जिसमें शासन के द्रविड़ मॉडल का संदर्भ और राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति से जुड़ी कुछ तारीफ शामिल थी। पिछले साल उन्होंने संबोधन को यह कहते हुए पढ़ने में असमर्थता जाहिर की कि उसमें बकौल उनके भ्रामक दावे और तथ्य थे। गौरतलब है कि हाल ही में कई राज्यपालों को बदलने और इस पद पर नई नियुक्तियां करने का दौर चला था। खासतौर पर केरल सरकार के लिए कांटा बने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार भेज दिया गया, जबकि मणिपुर और मिजोरम को राजभवन में नए चेहरे मिले। हालांकि रवि, जिनका तमिलनाडु में बने रहना बहुत पहले ही नामुनासिब हो चला था, इस कवायद से अछूते रहे।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Two museums and a visitor

THE best new year gift you could give to yourself is to keep company with Bhupen Khakhar,

J Swaminathan and KG Subramanyan. The absolutely fantastic part is you don't have to share them with anyone. A Ramachandran loiters somewhere in the back. The brilliant Nalini Malani is immersed in her own world, so you don't have to wonder about an invasion of privacy — watch where she's hung, take a step back, gaze at her from all angles, including from the back.

You'll find that all the oils on canvas are stuck on a piece of cardboard hung with twine on the wall. You feel the temptation slithering across the back of your spine, of wanting to do what you shouldn't but you know you can. You must push it away.

It's time to move on to the next modern master in the next gallery at the Museum of Fine Arts at Panjab University in Chandigarh. "How to steal a painting and get away with it" could easily be the subject of this column — except not. It's all too precious. Also, perhaps, there's something charming in the fact that most of the world has forgotten that these works even exist — they are certainly on no website — so when you come upon them in this serendipitous way, the thought crosses your mind. Yes, this could be your very own, private space where on special occasions like the new year you could break open a samosa or two. After all, Bhupen Khakhar's work that's hanging on the front wall is called 'Breakfast in Kasauli'. Foodies would certainly applaud.There's more. This building was designed by BP Mathur, an architect who worked with Pierre Jeanneret, the main architect-planner of the university. The collection of contemporary masters in the museum, about 1,200 artworks, was curated by none other than Chandigarh's beloved son and internationally acclaimed art historian, BN Goswamy, who wrote a much-read column for The Tribune until he passed away a year ago. Moreover, I am now a card-carrying member of the City Beautiful. I realise I am in the presence of both History and Culture, both H & C capitalised.

Kulwinder strides in. His angry movements disturb the cold air of the gallery — so far it's been just me and the masters. Ramachandran's brooding painting of monks in a church seems like it's part of the Andrei Rublyev school. The attendant, who prefers warming her hands on the heater in the reception area, tells me, "Bahut log aate hain museum main", at least 10-12 every day. I ask Kulwinder if there is a guide. I don't know, he replies sternly, "main technical se hoon".

If Chandigarh is what Delhi was 40 years ago, then you can well imagine its museums — hidden jewels encrusted by sarkari indifference. The Government Museum and Art Gallery in Sector 10, designed by Le Corbusier himself, has that gorgeous wooden door that turns on a single pivot — you also see this large door in the conjoined Haryana-Punjab Legislative Assembly space that Corbu designed at one end of the Capitol Complex, itself a magnificent plaza that should have been teeming with happy people and moongphali-wallahs in the winter but has, instead, been turned into an exclusive zone in the name of security, which means only VVIPs and registered visitors have access — but the real experience begins when you go through the Corbu door into the Government Museum.The only available brochures are in French. (Corbusier was Swiss-French, so those folks come, it seems.) The English ones "are finished". The guide — her name is Geetanjali — walks up the ramp with me. On one wall hangs a gorgeous rope installation by Mrinal Mukherjee, except the bottom is frayed. You reach the first floor and are immediately stunned by the bronzes, the Sanghol excavations, the Gandhara sculptures and the Pahari paintings in the rooms beyond. Seems MS Randhawa, widely acknowledged as Chandigarh's First Citizen, scoured the estates of the small princelings soon after Independence and requested them to part with their treasures so they could become the heart of the Art Museum. And that's how BNG — as all of North India lovingly called BN Goswamy — revolutionised our understanding of our own heritage.

Echoes of the Shikra, the tiny bird with a lion's heart

Shikras are found everywhere — from gardens in urban centres like Delhi and Bengaluru to rural countryside, and even open forests.

